26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 7 सितम्बर, 2026

अंक- 314 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# आरएसएस की विचारधारा दुनिया को संघर्षों से निकाल सकती है- भागवत

**नयी दिल्ली/लंदन (एजेंसी/चिंगारी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शनिवार को लंदन में संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिंदू सभ्यता की विचारधारा को वैश्विक संघर्षों के समाधान का आधार बताते हुए कहा कि दुनिया को मतभेदों के बजाय समानताओं पर ध्यान देना और 'जियो और जीने दो' की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए।



श्री भागवत ने कहा, 'विविधता स्वाभाविक है। हमें विविधता के साथ रहना सीखना होगा। हमें अलगाव या संघर्ष पैदा नहीं करना चाहिए।' उन्होंने कहा कि दुनिया बाहरी तौर पर भले ही बंटी हुई दिखे, लेकिन वास्तव में सभी एक-दूसरे से जुड़े हैं और यही हिंदू विचार का मूल है। उन्होंने कहा कि 'हिंदू' शब्द को केवल धार्मिक परंपराओं या जीवनशैली के आधार पर नहीं समझा जा सकता। अलग-अलग रास्ते एक ही सत्य तक पहुंच सकते हैं। 'मैं सही हूं, आप भी सही हैं' की भावना के साथ विभिन्न विचारों और मार्गों का सम्मान करते हुए साथ रहना चाहिए। 'हिंदू राष्ट्र' की अवधारणा पर उन्होंने कहा कि इसका संबंध किसी राजनीतिक व्यवस्था या शासन प्रणाली से नहीं, बल्कि सार्वभौमिक कल्याण से है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र युद्ध शुरू नहीं करता, बल्कि समृद्धि, मानवता और प्रकृति के साथ भाईचारे को बढ़ावा देता है। उन्होंने 'वसुधैव कुटुंबकम' का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यक्ति, राष्ट्र और पूरी दुनिया का कल्याण एक-दूसरे से जुड़ा है।

विदेशों में रहने वाले हिंदुओं से उन्होंने कहा कि अपनी जन्मभूमि से मिले मूल्यों का सम्मान करते हुए कर्मभूमि के प्रति पूरी निष्ठा रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं के लिए ब्रिटेन उनकी कर्मभूमि है और भारत की सेवा करने के लिए उन्हें अपनी कर्मभूमि के प्रति निष्ठा छोड़ने की जरूरत नहीं है। श्री भागवत ने युवाओं को दुनिया को बेहतर बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने 'सेवा' को निस्वार्थ भाव से करने पर जोर देते हुए कहा कि सेवा किसी पहचान या सम्मान के लिए नहीं, बल्कि ईश्वर के निकट पहुंचने का अवसर है।

# सुपर हीरो अंदाज़ में दिखे डोनाल्ड ट्रंप

## सीमा पर दीवार लगाकर रोके अवैध अप्रवासी



**वांशिगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी राजनीति में अब सुपर हीरो का तड़का भी लग गया है। व्हाइट हाउस ने आज राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर ग्रीन लैंटर्न थीम पर एक एआई वीडियो जारी किया है। वीडियो में ट्रंप को हरे रंग की रोशनी और सुपर हीरो जैसी ताकत के साथ दिखाया गया है, जो ग्रीन लैंटर्न के मशहूर पावर रिंग से प्रेरित है। व्हाइट हाउस के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर वीडियो साझा किया। इसके साथ ही लिखा, तेज धूप में हो या अंधेरी रात में, कोई बुराई मेरी नज़र से नहीं बच पाएगी, जो लोग बुराई की ताकत की पूजा करते हैं, वे मेरी शक्ति से सावधान रहें। ग्रीन लैंटर्न की रोशनी, वीडियो में ट्रंप एक चमकती अंगूठी उठाते और एक चमकदार हरी सीमा दीवार बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

अब

सप्ताह में दो दिन बिजनौर में

बृहस्पतिवार -बिजनौर

शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# दिल्ली में 'मौत की इमारत' का मालिक फ़रार

## मलबे से 6 शव बरामद



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में हुए इमारत हादसे के बाद दिल्ली पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। हादसे के लिए जिम्मेदार और फरार चल रहे बिल्डिंग मालिक हरिराम बंसल को दबोचने के लिए पुलिस की कई टीमें बनाई गई हैं। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। हादसे के तुरंत बाद जब पुलिस आरोपी हरिराम बंसल के घर पहुंची, तो वो वहां नहीं मिला, वो अपना घर छोड़कर फरार हो चुका है। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने गुरुग्राम समेत दिल्ली-एनसीआर में कई संभावित ठिकानों पर रेड मारी है। पुलिस को शक है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए हरिराम किसी सुरक्षित लोकेशन पर छिपा हुआ है। आरोपी तक पहुंचने के लिए दिल्ली पुलिस की टीमों ने उसके रिश्तेदारों और करीबियों के ठिकानों पर भी दबिश देनी शुरू कर दी है। साउथ कैंपस थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर रेनोवेशन का काम चल रहा था। आरोप है कि बिना किसी सुरक्षा मानकों का ध्यान रखे पिलर और दीवारों के साथ छेड़छाड़ की जा रही थी, इसके कारण पूरी इमारत का ढांचा बेहद कमजोर हो गया और वो अचानक भरभराकर गिर गई। इस हादसे को लेकर दिल्ली पुलिस के साउथ कैंपस थाने में इमारत के मालिक हरिराम और दूसरे जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। बता दें कि इस हादसे में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है और 11 लोग घायल हुए हैं। घायलों का AIIMS में इलाज चल रहा है। वहीं, मौके पर अब भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और मलबे में फंसे लोगों को निकाला जा रहा है।

आवश्यकता है

हल्दौर स्थित फैक्ट्री/ कार्यालय के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / कंप्यूटर एक्सपर्ट की आवश्यकता है।

कार्य- MS EXcel, डाटा एंट्री व कंप्यूटर चलाने का अच्छा ज्ञान रखता हो।

हल्दौर के स्थानीय व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन/विशेष इंसेंटिव की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

-इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो-8077377404



महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में

100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

# मूलचन्द एकेडमी में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस



शिक्षक दिवस पर सम्मानित की गई शिक्षिकाएं।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। मूलचन्द एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोटद्वार रोड में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय कार्यों के लिए पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट अनिल चौहान, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता चौहान एवं उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता सिंह ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पुरस्कार प्रदान कर उनका सम्मान किया।**

# सुदर्शन भवन में हुआ सहभोज एवं आचार्य सम्मान कार्यक्रम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, बिजनौर द्वारा सेवानिवृत्त आचार्य बंधुओं का सम्मान एवं सहभोज कार्यक्रम सुदर्शन भवन में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता एवं विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद मेरठ प्रांत के प्रभारी श्री राजीव फोगाट ने हिंदू समाज के लिए आचार्य बंधुओं के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने आद्य सरसंघचालक डॉ हेडगेवार की दूर दृष्टि का भी स्मरण कराया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आचार्य हरपाल सिंह, रेवादत्त शर्मा, प्रेम सिंह, सत्येंद्र राजपूत, नरेश नागर, रामवीर सिंह, सुनील शर्मा, विनोद कुमार, हुकम सिंह, चेतन देव को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र परिषद के नगर संयोजक सजल अग्रवाल, डॉ राघव मेहरा, भरत गर्ग, देवदत्त सैनी, रितेश भटनागर, डॉ पंकज सिंह, रजनीश कुमार ,अजय अग्रवाल, अमित चौधरी,कृष्ण मोहन , पवित्र आर्य , पंकज बिश्नोई आदि ने आचार्य बंधुओं को सम्मानित कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक संगठन , बिजनौर के अध्यक्ष सुरेश चंद तोमर ने तथा संचालन भरत गर्ग ने किया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक दीप्तिमान, नगर संघ चालक विकास लाटियान, नगर कार्य वाह दीपक चौहान, राजकुमार नगर व्यवस्था प्रमुख स्वंय सेवक संघ, जिला संगठन मंत्री करुण, जिला मंत्री सौरभ, जिला सत्संग प्रमुख छत्रपाल सिंह विश्व हिन्दू परिषद बिजनौर, नगर संगठन मंत्री शिवांकर गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में सभी बंधु, भगिनी ने सहभोज किया।

# हिन्दी पखवाड़े पर कवि गोष्ठी का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। शिक्षक कवि साहित्यिक संस्था, नजीबाबाद के द्वारा शिक्षक दिवस व हिंदी पखवाड़े के अवसर पर आदर्शनगर में कुमुद कुमार के आवास पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोष्ठी के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। आचार्य रवि शास्त्री ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ बेगराज यादव, आशुतोष कुमार, आचार्य रवि शास्त्री, कुमुद कुमार, कवि जसवंत सिंह, डॉ प्रमोद शर्मा प्रेम, देवेंद्र शर्मा ने काव्य पाठ किया। गोष्ठी के अंत में नजीबाबाद के प्रसिद्ध साहित्यकार व कवि राजेन्द्र त्यागी के स्वर्गवासी होने पर उनके लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी का संचालन कवि जसवंत सिंह ने किया। अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने कहा कि कवि की लेखनी सशक्त व सामाजिक विसंगतियों पर करारा प्रहार करने वाली होनी चाहिए।

# शिक्षिका डॉक्टर नीतू शर्मा को सम्मानित किया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। बिजनौर के महात्मा विदुर सभागार में शिक्षक दिवस पर हुए एक कार्यक्रम में नजीबाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत जटपुरा बौडा में कार्यरत उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका डॉक्टर नीतू शर्मा को विद्यालय की शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान व अथक प्रयासों के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलशन गुप्ता ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी, सचिन कसाना आदि अतिथि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## मायावती का बड़ा फैसला, छोटे भतीजे ईशान आनंद की राजनीति में एंट्री

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने छोटे भतीजे ईशान आनंद को सक्रिय राजनीति में लाने का फैसला लिया है। उनको पार्टी में मुख्य सेक्टर प्रभारी बनाया गया है। रविवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में चली मैराथन बैठक के बाद ईशान आनंद को कुछ राज्यों का प्रभारी बनाए जाने की चर्चा है। हालांकि, इस बारे में पार्टी की तरफ से कोई घोषणा अभी तक नहीं की गई है। सूत्रों के मुताबिक, ईशान बसपा सुप्रीमो मायावती के अलावा अपने पिता एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार को रिपोर्ट करेंगे। दरअसल, आकाश आनंद को राष्ट्रीय संयोजक के पद से हटाने के बाद उनके छोटे भाई ईशान को पार्टी में कोई अहम जिम्मेदारी देने की संभावना जताई जा रही थी। ईशान बीते दिनों राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में शामिल हुए थे। इससे पहले मायावती के जन्मदिन पर भी आए थे। चर्चा है कि नेशनल कोआर्डिनेटर रामजी गौतम और लालाराम का भी कद बढ़ाकर कुछ अन्य राज्यों का प्रभार भी सौंपा गया है।







अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761

मो. 8192801901

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 819280190

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

नचना नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण नगर के मोहल्लों व बाज़ार में भरा पानी ( पेज 11 )



# रोटरी क्लब बिजनौर ने उत्कृष्ट शिक्षकों को किया सम्मानित



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एसडीएम सदर स्मृति

**बिजनौर (चिंगारी)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब बिजनौर द्वारा जैन धर्मशाला, बिजनौर में एक भव्य एवं गरिमामय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी सदर सुश्री स्मृति मिश्रा, आईएएस रहीं, जबकि बाल ज्ञान निकेतन इंटर कॉलेज, बास्टा, बिजनौर के प्रबंधक सुनील दत्त शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह में शिक्षा एवं समाज निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रतिष्ठित 'रोटरी शिक्षक गौरव' सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रमुख रोटेरियन गौरव भारद्वाज, एडवोकेट ने किया।

कार्यक्रम के दौरान रोटेरियन प्रशांत महर्षि ने भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, व्यक्तित्व एवं दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को गढ़ने, उनके भीतर संस्कार विकसित करने और जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाला मार्गदर्शक होता है।

इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को 'रोटरी शिक्षक गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में प्रमुख रूप से, श्रीमती तासी उपाध्याय सेंट मैरी स्कूल, बिजनौर, श्री नीरज कुमार विभागाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर, प्रीति चौधरी संगीत अध्यापिका, बिजनौर, अंजलि बिश्नोई मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर, सूफिया नाहिद फारुकी विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान डीडीपीएस, बिजनौर, तरनजीत कौर मलिक सहायक अध्यापिका बेसिक शिक्षा,श्री सुधीर कुमार विभागाध्यक्ष आरजीपी इंटर कॉलेज बिजनौर संस्कृति त्यागी एमडी इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर,रोटरी क्लब के सदस्य जो शिक्षक है श्री गोपाल त्यागी, श्रीमती एकता भारद्वाज, श्रीमती सुरभि शर्मा को भी शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री सुनील दत्त शर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि प्रत्येक बच्चा अलग है और प्रत्येक बच्चे के भीतर कोई न कोई विशेष प्रतिभा एवं क्षमता अवश्य होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित रखने के बजाय उनकी क्षमता, रुचि और प्रतिभा के अनुरूप अवसर प्रदान किए जाने चाहिए।

मुख्य अतिथि सुश्री स्मृति मिश्रा, आईएएस ने रोटरी क्लब बिजनौर द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह की सराहना करते हुए क्लब पदाधिकारियों एवं आयोजकों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य की दिशा भी निर्धारित करता है।

इस अवसर पर वरिष्ठ रो. अनूप कुमार गर्ग, रो. अमित सरीन, रो. उदय राठी, एडवोकेट, रो. प्रशांत महर्षि, रो. अचल अग्रवाल, रोटेरियन रजत जैन, रो. मोहित सिंघल, रो. मनीष गोयल, रो. शिरीष खन्ना, रो. कौशल शर्मा (अध्यक्ष), रो. गोपाल त्यागी (सचिव), रो. गौरव भारद्वाज (कार्यक्रम प्रमुख) सहित अनेक रोटेरियन सदस्य उपस्थित रहे। एनी सुरभि शर्मा, एनी सीमा त्यागी, एनी राखी राठी, एनी एकता भारद्वाज, एनी उर्वशी महर्षि, एनी शुचि गोयल, एनी रुचि सिंघल, एनी अंशु खन्ना, एनी बरखा अग्रवाल, एनी अलका अग्रवाल ने मुख्य अतिथि एसडीएम सदर बिजनौर स्मृति मिश्रा का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



शिक्षक को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि

# 'डाक्टर' अनिता राठौर सुप्रीम कोर्ट में तलब

## महिला के गर्भ में बच्चे की मौत का मामला

**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर किरतपुर में कार्तिक हास्पिटल में कार्यरत अपने को डाक्टर बताने वाली महिला अनिता राठौर को सर्वोच्च न्यायालय ने एक फौजदारी मामले में नोटिस जारी किये हैं। सूत्रों के अनुसार ग्राम मुढ़ाला थाना कोतवाली शहर बिजनौर के रहने वाले खुशनसीब की पत्नी श्रीमती रिहाना जो कि उस समय गर्भवती थी, का इलाज कार्तिक हॉस्पिटल किरतपुर में अनिता राठौर नामक महिला ने किया था। आरोप था कि गलत इलाज के कारण रिहाना के गर्भ में ही उसका बच्चा मर गया था, जिसके सम्बंध में खुशनसीब ने अनिता राठौर के विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में अनिता की डिग्रियां फर्जी पाई गई थीं। बिजनौर के जिला न्यायालय ने अनिता की जमानत अर्जी निरस्त कर दी थी। बाद में उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने अनिता की जमानत पर छोड़े जाने का आदेश दिया था, जिसके विरुद्ध खुशसीब ने सर्वोच्च न्यायालय का रूख किया। सुप्रीम कोर्ट ने खुशनसीब की अर्जी स्वीकार करते हुये अनिता राठौर को नोटिस जारी करते हुये जवाब देने को कहा है। खुशनसीब का कहना है कि उसके आधार मजबूत हैं, अनिता की जमानत खारिज होकर उसे पुन: जेल जाना पड़ेगा। सर्वोच्च न्यायालय में खुशनसीब की ओर से पैरवी नगर के युवा अधिवक्ता जासिर आफताब ने की व उनके साथ एडवोकेट पीयूष गौतम व अनिकेत राजपूत रहे।



अधिवक्ता जासिर आफताब

★हीरो मोटो कॉर्प के इलैक्ट्रिक स्कूटर VIDA की बुकिंग शुरू

Hero

पहले बुक करायें और पहले पायें अपना स्कूटर

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध



कविता मोटर्स

हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर

मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

# सवाल हैं, जवाब नहीं!

आज हमारा सिस्टम अनेक सवालों से जूझ रहा है, जिनका जवाब दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा। अत्यधिक महंगी शिक्षा, पेपर लीक और बेरोजगार युवाओं की बढ़ती भीड़। इसके बावजूद लगता है सरकार चिंतारहित है। भले ही शिक्षक दिवस सहित कई अवसरों पर शिक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा और चिंता की जाती हो, लेकिन ऐसा कोई ठोस उपाय होता नजर नहीं आता, जिससे शिक्षा जैसी बुनियादी चीज देश के हर बच्चे को आसानी से नसीब हो। यूं तो देश में शिक्षा का अधिकार का कानून भी है, मगर गरीब का बच्चा आज भी अच्छी शिक्षा से वंचित है। दरअसल, शिक्षा इतनी महंगी हो चुकी है कि गरीब ही नहीं, मध्यम वर्ग के सामने भी अपने बच्चों की शिक्षा सुचारू रखना दिन-ब-दिन कठिन होता जा रहा है। ऊपर से बेरोजगारी चरम पर है। आम आदमी का बच्चा किसी तरह अगर पढ़-लिखकर डिग्री हासिल भी कर ले तो उसके लिये रोजगार प्राप्त करना दूर की कौड़ी साबित हो रहा है। ऐसे में युवाओं के अंदर आक्रोश का लावा पक रहा है, जो आयेदिन सड़कों पर प्रकट होता है। जेन-ज़ी का आंदोलन इसी कड़ी का हिस्सा है। हालांकि इस आंदोलन के बाद पिछले दस-बारह वर्षों में पहली बार सरकार की पेशानी पर बल देखा जा रहा है। जिस सरकार को अपने ऊपर उंगली उठाये जाना जरा भी मंजूर नहीं था, उसे अब आईना अपने सामने रखना पड़ा है। जिसका परिणाम यह है कि सरकार के साथ-साथ संघ परिवार भी युवाओं के मन की बात करने लगा है। हालांकि युवाओं की समस्याओं का समाधान अभी भी नदारद है। खासकर बेरोजगारी को लेकर मोदी सरकार के पास कोई रोड मैप नजर नहीं आता। बल्कि इसके विपरीत सरकारी नौकरियां समाप्त की जा रही हैं। इसकी जगह आउट सोर्सिंग को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। सरकारी नौकरियों के लिये भर्तियां लगभग बंद हैं। उधर, प्राइवेट सेक्टर में भी नौकरियों को लेकर उत्साहजनक माहौल नहीं है। ऐसे में युवाओं के सामने अनेक चुनौतियां हैं। जंतर-मंतर आंदोलन के बाद सरकार ने जेन-ज़ी की ओर ध्यान देना तो शुरू किया है, किंतु कोई कार्ययोजना फिलहाल नजर नहीं आती।

# दावत है प्यार, न तो अधिकार न ही व्यापार..



**इक़बाल हिंदुस्तानी**

मध्य प्रदेश के दमोह की एक ख़बर पढ़ी। पहले हंसी आई, फिर हम संजीदा हो गए। एक वकील दोस्त ने दूसरे वकील दोस्त को बर्थ डे पार्टी नहीं देने पर 41,250 रुपये के हर्जाने का नोटिस भेजा है। विशाल सिंह का आरोप है कि उनके मित्र गोविंद तिवारी ने लिखित इकरारनामा करने के बाद भी दावत नहीं दी, जिससे उनको उस दिन खाना होटल में खाना पड़ा, साथ ही तनाव इतना बढ़ गया कि हॉस्पिटल में इलाज कराया गया। तनाव व इलाज का हर्जाना नोटिस देकर दोस्त से मांगा गया है। उधर दोस्त का दावा है कि वे पार्टी दे चुके हैं जिसके बिल भी मौजूद हैं।



यह मामला तो जांच के बाद तय होगा, कौन झूठा और कौन सच्चा है। लेकिन क्या आप और हम समाज, परिवार और दोस्तों में इस तरह के मामले आएदिन नहीं देखते रहते हैं? दावत पार्टी और नाश्ते तक को लेकर कुछ लोग बड़े क्रेज़ी रहते हैं। कई लोग दावत करके अच्छे दोस्त बन जाते हैं, तो कुछ दोस्त दावत नहीं करके दुश्मन बना लेते हैं। दावत कब अदावत बन जाए, पता ही नहीं लगता है। दरअसल दावत को लेकर हम लोगों की सोच अजीब है। दावत दो लोगों दो परिवारों या दो समूहों के बीच प्यार और सम्मान बढ़ाने के लिए होती है। दावत किसी का जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है, जो हर हाल में होनी ही चाहिए, नहीं तो आप नाराज़ हो जाएंगे, क्रोधित हो जाएंगे और सामने वाले से न सिर्फ़ रिश्ता तोड़ लेंगे, बल्कि खुद को अपमानित समझकर उससे दुश्मनी पर उतर आएंगे?

कुछ लोग अपनी ससुराल में दावत अपना हक़ समझते हैं। कुछ लोग शादी या जन्मदिन की पार्टी में नहीं बुलाए जाने पर खफ़ा हो जाते हैं। कुछ लोग सपरिवार न बुलाये जाने पर आक्रोश दर्ज कराते हैं। कुछ लोग दावत का मीनू अपने स्तर या पसंद का नहीं होने पर भी बुरा समझते हैं और सामने वाले की औकात बताने लगते हैं। कुछ लोग बारात में नाश्ते को लेकर बड़े परेशान रहते हैं कि कहीं लेट होने पर नाश्ता न निकल जाए। कुछ लोग शादी करने को रिश्ते के लिए जब कहीं जाते हैं तो नाश्ते के आइटम गिनकर और उनकी कीमत आंककर यह तय करते हैं कि सामने वाले की हैसियत कैसी है? कुछ लोग दावत में मीट नहीं परोसने पर सामने वाले को कंजूस घोषित कर देते हैं, तो कुछ लोग चिकन, मटन और बड़े जानवर के गोश्त के हिसाब से सामने वाले के स्टेटस को तय करते हैं। कुछ लोग खाने से पहले स्टार्टर बाद में स्वीट साथ में कोल्ड्रिंक और नाश्ते में ड्राई फ्रूट से अपना सम्मान तोलते हैं।

दावत की चर्चा चल रही है तो एक और बात पर गौर कीजिये। कुछ दोस्त और रिश्तेदार अक्सर दावत करते हैं, कुछ कभी-कभी और कुछ कभी नहीं। इसके पीछे उनकी आर्थिक स्थिति उनकी सोच उनकी सीमित या उदार समझ उनका आपसे करीबी या दूर का रिश्ता या उनके दिल में आपके लिए मुहब्बत इज़्ज़त या सबके लिए तंग दिली फराग दिली या मजबूरी न जाने कितनी वजह हो सकती है। दावत व्यापार नहीं है कि आपने की तो सामने वाला भी करेगा, उतनी ही करेगा या वैसी ही करेगा जैसी आपने की है।

हमारे शहर में एक मॉर्निंग वॉकर ग्रुप था, दो दर्जन से अधिक लोग थे। रोज़ सुबह साथ घूमने जाते थे। पहले वापसी में चाय पीने लगे, फिर पकौड़ी, समोसे नाश्ते में शामिल हुए, फिर दावतों का सिलसिला शुरू हुआ। सबने बारी-बारी दावत शुरू की। कुछ लोग पहले दिन से ही दावत खिलाने की हालत में नहीं थे। वे पहली दावत से ही किनारा कर गए। कुछ जाते रहे, खाते रहे, लेकिन जब उनकी बारी आई, तो अचानक गायब हो गए। बदले की दावत मांगने वाले उनको कॉल करने लगे, कभी बात हुई, कभी नहीं हुई। फिर कॉल नो रिप्लाई होने लगी। दावत के दीवाने उस दोस्त के घर पहुंच गए। वो मिला तो बहुत ज़लील किया। फिर उसने घर जाने पर दोस्तों से मिलना भी बंद कर दिया। फिर उसको सड़क, बाज़ार या शादी में मिलने पर दावत के लिए याद दिलाया गया। दावत न होनी थी न ही हुई। दोस्ती खत्म हो गई। ग्रुप भी बिखर गया। मॉर्निंग वॉक भी उनमें से अब कम लोग ही करते हैं। आखिर में यही कहा जा सकता है दावत प्यार, दोस्ती और इज़्ज़त के लिए होती है, उसे बदला, व्यापार या अधिकार समझने की भूल कभी भी मत कीजिये। दावत को दावत रहने दीजिये, अदावत में मत बदलिए प्लीज़।

**बहुत कुछ जान के जाना है तुम को**
**बड़ी मुश्किल से पहचाना है तुम को**
**मुझे जो तुम समझते हो ग़लत है**
**किसी दिन ये भी समझाना है तुम को।**

(नोट : लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर हैं।)

# गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी सिख समाज की समस्याओं को लेकर गंभीर-हरमंदर सिंह

## धामपुर में आयोजित की गई महत्वपूर्ण बैठक



**धामपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार हरविंदर सिंह लॉर्ड का कहना है कि उनकी संस्था केवल सिख समाज के लिए नहीं बल्कि सिंधी और पंजाबी के साथ-साथ अन्य समाजों की गंभीर एवं ज्वलंत समस्याओं के प्रति भी गंभीर है। उन्होंने कहा कि संस्था की स्थापना से वर्तमान तक किए गए कार्यों के कारण आज उनकी संस्था उत्तर प्रदेश के लगभग 50 जिलों में सक्रियता पूर्वक कार्य कर रही है और अनेकों प्रकार की उल्लेखनीय उपलब्धियां भी अर्जित कर चुकी हैं। नगीना मार्ग स्थित स्वस्तिक गार्डन में उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा तथा सरदार मनदीप सिंह भट्टी के संयुक्त संयोजन में आयोजित संस्था की आठवीं प्रदेश स्तर की सभा को मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए सरदार हरविंदर सिंह लॉर्ड ने संस्था की भावी योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि शीघ्र ही योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन कराया जाएगा, जिसका सीधा लाभ सिख समाज सहित उन सभी समाजों को मिलेगा जो नानक नाम लेवा कहलाने के अधिकारी हैं और जिनकी पूर्ण श्रद्धा आस्था और भावना श्री गुरु ग्रंथ साहिब तथा सभी गुरुओं के उपदेशों तथा गुरु वाणी के संदेशों से जुड़ी हुई है। प्रदेश अध्यक्ष ने धामपुर में आयोजित सभा को ऐतिहासिक और उपलब्धि पूर्ण बताते हुए सराहना की। कार्यक्रम को मंच पर आसीन हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह झींडा, उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश कोऑर्डिनेटर बग्गा, प्रदेश महासचिव सरदार सुरेंद्र सिंह बख्शी, प्रदेश कोषाध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह, पूर्वांचल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार हरि सिंह बबलू, गाजियाबाद से पधारे सरदार गुरप्रीत सिंह रम्मी, सरदार भूपेंद्र सिंह गिन्नी, एसपी ओबरॉय लखनऊ से पहुंचे सरदार गुरजीत सिंह छाबड़ा, तराई महासभा के प्रीतम सिंह, गुरु नानक घाट अफजलगढ़ के बाबा अनूप सिंह और बाबा दलबीर सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जिला महासचिव एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार हरभजन सिंह अमन ने किया।

# तीन दिन की बारिश के बाद आसमान में कोहरा आया नज़र
## हल्की ठंडक छोड़कर जल्दी ही गया उतर

नांगल सोती ( चिंगारी )। रुक-रुककर तीन दिन तक हुई जोरदार बारिश के बाद आज सुबह सवेरे आसमान में हल्का कोहरा दिखाई दिया। कोहरा छाने से सुबह सवेरे मौसम में हल्की ठंडक रही। हालांकि कोहरा जल्दी ही उतर गया था। ज्ञातव्य है कि शुक्रवार को तड़के के समय क्षेत्र में बादल जमकर बरसने शुरू थे। घंटों तक जोरदार बारिश हुई थी। तबसे शुरू हुई बारिश रुक - रुककर कल शाम तक होती रही थी। कल जहां हल्की - हल्की बारिश हुई थी , वहीं परसों भी बादल जमकर बरसे थे। तीन दिनों तक हुई भारी बारिश के कारण लोग अतिवृष्टि से दुखी हो चले थे तथा बारिश रुकने के लिये प्रार्थना कर रहे थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आज भी बारिश होने की आशंका के चलते प्री नर्सरी से कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया था। हालांकि लोगों की प्रार्थनाओं के परिणामस्वरूप आज बारिश नहीं हुई। तीन दिन की जोरदार बारिश के बाद आज सुबह सवेरे आसमान में हल्का कोहरा जरूर दिखाई दिया। कोहरा आने के कारण सुबह सवेरे मौसम में हल्की ठंडक मौजूद रही। आज कोहरा ज्यादा घना नहीं था , इसलिये कोहरा जल्दी ही उतर भी गया। बाद में बादलों तथा धूप के बीच लुकाछिपी का खेल चल रहा था। इस बरसात में पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक वर्षा हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस बार ज्यादातर बारिश बहुत तगड़ी हुई हैं। मगर इस बार के बरसात के मौसम ने सभी लोगों को आश्चर्यचकित किया है , बारिश कितनी ही तगड़ी हो जाये या कितने ही समय तक हो जाये , चाहे बारिश की झड़ी भी लग जाये , मगर बारिश रुकते ही मौसम में गर्माहट होने लगती है।

# भाजपा नेताओं ने किया कान्हा कर्णवाल के कैम्प कार्यालय का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। होटल कान्हा पैलेस में आकाश कान्हा कर्णवाल के विधानसभा-17 के कैंप कार्यालय का बीजेपी राष्ट्रीय मंत्री डॉ. भोला सिंह व जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बीजेपी राष्ट्रीय मंत्री डॉ. भोला सिंह (सांसद बुलंदशहर) व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी रहे। इस मौके पर आकाश कान्हा कर्णवाल ने राष्ट्रीय मंत्री भोला सिंह को गदा, कामधेनु गाय व जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी को मां कामाख्या का सोल ओढाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। आकाश कान्हा कर्णवाल के 41 वें जन्मदिन की अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री डॉ भोला सिंह, भूपेंद्र चौहान बॉबी, राजा भारतेंद्र सिंह, लीना सिंघल, पूर्व सांसद यशवंत सिंह, राजन टंडन गोल्डी, इंदू राजपूत ने केक काटकर कान्हा को बधाई दी। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, बिट्टू भटनागर, दुष्यंत कुमार, योगेश राजपूत, ओंकार, अतुल रोहिल्ला, अंकित राजपूत सहित काफी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान करते हुए कान्हा।

# विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

शेरकोट ( चिंगारी )। एक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पति सहित ससुराल पक्ष के सात लोगों दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद सर्की निवासी सपना पुत्री जगराम सिंह ने तहरीर में बताया कि उसने 14 अक्टूबर 2019 को उसने अपनी मर्जी से जनपद खीरी के थाना गोला अंतर्गत आने वाले ग्राम गोपालपुर उर्फ खोजियापुर निवासी बीनू गुप्ता पुत्र से शादी की थी। उसके पांच साल का एक पुत्र भी है। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति बीनू अपनी माता के कहने में आकर उससे मारपीट करता है तथा उसकी सास आरती देवी, ससुर जगदीश प्रसाद,देवर राजा, अन्नू ,अमन, रामकिशोर भी उसको दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करते हैं और अभद्रता और मारपीट कर घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देते हैं। विवाहिता का आरोप है कि छ माह पूर्व आरोपियों द्वारा मारपीट किये जाने पर वह जान बचाकर पुत्र सहित अपने मायके में आकर रह रही है।

थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# ओबीसी क्रीमी लेयर की आय सीमा 15 लाख करने की मांग
## सांसद चंद्रशेखर ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

नगीना ( चिंगारी )। आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रमुख व नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने ओबीसी वर्ग के क्रीमी लेयर निर्धारण के लिए लागू आय सीमा की लंबे समय से लंबित समीक्षा और संशोधन की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार को पत्र भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। सांसद ने पत्र में कहा है कि ओबीसी क्रीमी लेयर के लिए वर्तमान आय सीमा आठ लाख रुपये वार्षिक है, जो 13 सितंबर 2017 से लागू है। जबकि निर्धारित व्यवस्था के अनुसार आय सीमा की प्रत्येक तीन वर्ष में समीक्षा अथवा आवश्यकता के अनुसार उससे पहले समीक्षा की जानी चाहिए। इसके बावजूद वर्ष 2020 और 2023 में प्रस्तावित समीक्षा चक्र निकल चुके हैं।



पत्र में सांसद ने बताया कि वर्ष 1993 में क्रीमी लेयर की आय सीमा एक लाख रुपये वार्षिक थी। इसके बाद मार्च 2004 में इसे 2.50 लाख, अक्टूबर 2008 में 4.50 लाख, मई 2013 में छह लाख और सितंबर 2017 में बढ़ाकर आठ लाख रुपये किया गया था।उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों, जीवन-यापन की लागत, वेतन और आय के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके बावजूद आय सीमा में करीब नौ वर्षों से संशोधन नहीं हुआ है। इससे बड़ी संख्या में ओबीसी अभ्यर्थी शिक्षा और रोजगार में आरक्षण के लाभ से प्रभावित हो सकते हैं।

सांसद चंद्रशेखर ने केंद्र सरकार से वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI), जीवन-यापन की लागत और वेतन वृद्धि को ध्यान में रखते हुए क्रीमी लेयर की आय सीमा की समीक्षा करने तथा कम से कम 15 लाख रुपये वार्षिक निर्धारित करने पर विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने भविष्य में निर्धारित अवधि पर समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध व्यवस्था विकसित करने की भी मांग की है।


रफीक अंसारी का स्वागत करते नीमा से जुड़े चिकित्सक।

# नीमा के डॉक्टरों ने किया हाजी रफ़ीक़ अंसारी का ज़ोरदार स्वागत

नजीबाबाद (चिंगारी)। राजारामपुर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में क्षेत्र के नीमा से जुड़े डॉक्टरों द्वारा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी का ज़ोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमा के अध्यक्ष डॉ. सुलेमान सिद्दीक़ी एवं संचालन डॉ. मौ. जाफ़िर ने किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी डॉक्टरों ने हाजी रफ़ीक़ अंसारी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से हाजी रफ़ीक़ अंसारी को नजीबाबाद विधानसभा से प्रत्याशी घोषित किये जाने की मांग की। इसके लिए हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने सभी डॉक्टरों का दिल से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नजीबाबाद नीमा से जुड़े डॉ. नाज़िम, डॉ. अब्दुल बारी, डॉ. शमसुल इस्लाम, डा. शाकिर ख़ान, डा. शरीफ अहमद, डा. मुस्तकीम, डा. सरफ़राज़, डा. शाकिर रज़ा, डा. अब्दुल ख़ालिक़, डा. शाकिर जलालाबाद, डॉ. रियाज़, डॉ. आसिफ रज़ा, डॉ. फ़ैज़ान क़ुरैशी, डॉ. वसीम अहमद, डॉ. हारून, डॉ. समीर, डा. शादमान अनीस, डॉ. जहाँगीर, डॉ. अख़लद रहमान, डॉ. फ़िरोज़, डॉ. ज़ाफ़िर, डॉ. यूसुफ़ आदि चिकित्सक मौजूद रहे।



# परंपरागत ढंग से निकाली गई श्री रामडोल शोभायात्रा

## पदाधिकारियों को हंगामा समिति ने किया सम्मानित



हंगामा लोक समिति द्वारा श्री रामडोल समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए।

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला गुजरातियान स्थित राधा कृष्ण मंदिर से रविवार की शाम श्री रामडोल शोभा यात्रा सादगी पूर्ण एवं परंपरागत तरीके से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता ने किया। शोभायात्रा के पदाधिकारियों विभूति कांत शर्मा, अरुण प्रताप सिंह एडवोकेट, मनमोहन भारद्वाज, मध्य भारद्वाज, केशव कांत शर्मा, प्रशांत चंद्र ने अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण करके किया। इसके पश्चात अखाड़े के गुरु हरिओम शर्मा से अखाड़ा प्रेमी कलाकारों ने सलामी ली।

शोभा यात्रा में सबसे आगे अखाड़ा रहा, जिसमें कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। उनके पीछे गणपति महाराज की झांकी शामिल रही। शोभायात्रा में नासिक ढोल के साथ एक वाहन में रामडोल शोभायमान रहे। सबसे आखिर में एक ट्रैक्टर ट्राली पर भजन मंडली कीर्तन करते हुए चल रही थी।

हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक व समिति की सदस्य शशिबाला शर्मा द्वारा श्री रामडोल समिति के पदाधिकारी भव्य शर्मा, देव शर्मा, विभूतिकान्त शर्मा, अरुण प्रताप सिंह, सौरव मालपानी को सम्मानित किया गया। श्री रामडोल शोभायात्रा समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार इस वर्ष शोभा यात्रा में झाकिया शामिल नहीं रही उनका मानना था कि सड़क पर भगवान के स्वरूप को नचाना भारतीय सभ्यता और संस्कृति में अच्छा नहीं है।

# लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन हो रहा प्रभावित

**धामपुर ( चिंगारी )।** भादो का महीना शुरू होते ही इंद्र देवता ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। क्षेत्र में पिछले चार दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश से आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। आसमान में घने काले बादल छाए रहने और रिमझिम फुहारों के साथ ठंडी हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट महसूस की जा रही है। रिमझिम बारिश होने से बाजारों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल कम दिखाई दी। इसके अलावा बारिश के कारण लोगों को अपने जरूरी काम निपटाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मोहल्ला कहारान, स्टेट बैंक कॉलोनी, मनभावन बैंकट हाल,पहाड़ी दरवाजा, बाडवान, नई सराय, महल सराय सहित कई स्थानों पर जल भराव की समस्या बन गई है, जिसके चलते लोगों का अपने घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। नई सराय निवासियों ने बताया कि दो-तीन गलियां तो पानी से सराबोर हो गई हैं। लोग अपने घरों से बाहर गंदे पानी से होकर निकलने को मजबूर हो गए। लोगों को कहना है कि पालिका प्रशासन द्वारा नगर में बरसाती पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था करने के दावे भी खोखले साबित हो रहे हैं। बारिश के चलते किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आई। खेतों में खड़ी फसलों के लिए बारिश को काफी फायदेमंद माना जा रहा है। किसानों का कहना है कि इस समय हुई बारिश से फसलों को पर्याप्त नमी मिलेगी और सिंचाई पर होने वाला खर्च भी कम होगा। विशेष रूप से धान, गन्ना और अन्य खरीफ फसलों के लिए बारिश को उपयोगी बताया जा रहा है।



सड़क पर भरे पानी में वाहन गुजरते हुए।

## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री देवेन्द्र कुमार** द्वारा **संस्था श्री बाबा जाहरबीर माड़ी समिति, सरकड़ा चकराजमल, जनपद बिजनौर** का **अध्यक्ष** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. लाखन सिंह- संरक्षक, 2. देवेन्द्र कुमार- अध्यक्ष, 3. योगेन्द्र कुमार- उपाध्यक्ष, 4, अरविन्द कुमार- कोषाध्यक्ष, 5. टीकम सिंह- मंत्री, 6.हरिराज सिंह- उपमंत्री, 7. संजय कुमार- सम्प्रेक्षक, 8. महेन्द्र सिंह, 9. प्रमोद कुमार- सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बंधी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से ( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबन्धक**

# पुष्प निकेतन में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**धामपुर ( चिंगारी )।** शुगर मिल्स परिसर स्थित पुष्प निकेतन स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब की ओर से प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि रेखा, नीतू पांडे, दिव्या सारस्वत, बिनाका राजपूत, सोनम चौहान, शैलजा भारद्वाज, पलाश बिश्वास, प्रशांत कुमार, चरण सिंह, पंकज गहलोत, असमा, मधुबाला, पवन कुमार गोस्वामी तथा सुमित शर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मयंक अग्रवाल, सचिव पराग अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के साथ गौरव अग्रवाल, सुनील गुप्ता, अनिल अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, अजय वर्मा, सचिन अग्रवाल एवं विवेक जैन उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि रेखा ने कहा कि तकनीक के तेजी से बदलते दौर में शिक्षकों की भूमिका पहले से अधिक चुनौतीपूर्ण और उत्तरदायित्वपूर्ण हो गई है। शिक्षकों को निरंतर सीखते हुए विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं भविष्य निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

# हंसगुल्ले

पत्नी बीमार पति को डॉक्टर के पास ले गई... डॉक्टर ने कहा- 'इनको अच्छा खाना दो, हमेशा खुश रखो, घर की किसी समस्या पर इनसे बात मत करो, फरमाइशें करके इनकी चिंताएं मत बढ़ाओ, तो ये छह महीने में ठीक हो जाएंगे।' रास्ते में पति ने पत्नी से पूछा, 'क्या कहा डॉक्टर ने?' पत्नी बोली, 'डॉक्टर ने जवाब दे दिया है।'

✦✦✦✦

**पत्नी :** आपको मेरी सुंदरता ज्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार ?

**पति :** मुझे तो तेरी यह मजाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।

✦✦✦✦

गोलू ने हजामत की दुकान खोली, एक ग्राहक शेव कराने आया...

**गोलू :** मूंछ रखनी है?

**ग्राहक :** हां।

गोलू ने ग्राहक की मूंछ काटकर उसके हाथ में देते हुए कहा, 'लो रख लो, जहां रखनी है।'

✦✦✦✦

**भिखारी :** ए भाई, एक रुपया दे दे, तीन दिन से भूखा हूं...

**राहगीर :** तीन दिन से भूखा है तो एक रुपये का क्या करेगा?

**भिखारी :** वजन तौलूंगा, कितना घटा है।

# घरों में घुसा नाले का पानी परिवारों को हो रही परेशानी



क्षत्रिय नगर कॉलोनी के घरों में घुसा पानी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद धामपुर के वार्ड मोहल्ला लोहियान क्षत्रिय नगर में नहटौर ओवर ब्रिज की ओर से गुजरने वाले नाले का पानी बैक होकर कॉलोनी के घरों में पहुंच गया है जिससे परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षत्रिय नगर कॉलोनी निवासी शिक्षक गौरव कुमार शर्मा ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा सुमंगलम फार्म हाउस से एक नाला नहटौर ओवर ब्रिज के बराबर से बनाया गया था परंतु बरसात के दौरान नाले का पानी बैक मारकर कॉलोनी के घरों में आ गया है उनका कहना है कि नाले का ढाल सही न होने के कारण जल भराव की समस्या पैदा हो रही है। क्षत्रिय नगर निवासी शिक्षक गौरव कुमार शर्मा, भूषन राणा ,जय गोपाल सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, राकेश शर्मा, पंकज माहेश्वरी, अजय माहेश्वरी, विशेष वर्मा, शरद शर्मा आदि ने वार्ड सभासद एवं पालिका अध्यक्ष से जल भराव की समस्या के निस्तारण की मांग की है।

# दो कालेजों से वेतन लेने के मामले में एसबीडी के तीन शिक्षक गिरफ्तार



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर के एसबीडी महिला महाविद्यालय से जुड़ा करीब दो साल पुराना मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। दो अलग-अलग स्थानों से वेतन/भुगतान लेने के आरोप में धामपुर पुलिस ने तीन शिक्षकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार शिक्षकों में लोकेंद्र कुमार, पंकज कुमार और मुकेश शामिल हैं। तीनों के खिलाफ वर्ष 2024 में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में पांच शिक्षकों पर एसबीडी महिला महाविद्यालय धामपुर और अफजलगढ़ स्थित राधेलाल मेमोरियल महाविद्यालय से भुगतान प्राप्त करने के आरोप सामने आए थे।

जांच के अनुसार एक ओर एसबीडी कॉलेज से वाउचर के माध्यम से भुगतान किया जाता था, वहीं दूसरी ओर संबंधित शिक्षकों के बैंक खातों में भी भुगतान भेजे जाने की बात सामने आई थी। इसी मामले में प्राचार्य डॉ. पूनम चौहान की ओर से शिक्षकों सहित तत्कालीन प्राचार्य डॉ. नीरज गर्ग और तत्कालीन मैनेजर विजय अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# क्षत्रिय राजपूत सभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई



ब्रजवीर सिंह का स्वागत करते हुए निवर्तमान अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राजपूत



नवनिर्वाचित कार्यकारिणी शपथ दिलाते हुए सुनील कुमार राजपूत

**बिजनौर ( चिंगारी )। क्षत्रिय राजपूत सभा, बिजनौर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह मंडावर रोड स्थित, रवा राजपूत धर्मशाला में अत्यंत सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सचिव देवेन्द्रपाल एड. ने किया।**

उल्लेखनीय है कि 05 अगस्त 2026 को चुनाव अधिकारी सुनील कुमार राजपूत की देखरेख में संपन्न हुए द्विवार्षिक चुनाव में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ था। चुनाव अधिकारी सुनील राजपूत ने कार्यक्रम में शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह राजपूत सहित समस्त कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ लेने वाले पदाधिकारियों में अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह राजपूत, महासचिव अतुल विक्रम सिंह (एडवोकेट), उपाध्यक्ष खूब सिंह चौहान, महिला उपाध्यक्ष दृष्टि राठौर, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, उपसचिव राहुल सिंह, ऑडिटर एवं मीडिया प्रभारी राहुल कुमार चौहान, कार्यकारिणी सदस्य विजयपाल सिंह चौहान, यक्ष कुमार, योगेंद्र सिंह राजपूत एवं डॉ. गीत कुमार चौहान व आमंत्रित सदस्य डॉ. एस.सी. तोमर रहे।

समारोह के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राजपूत, वीरेश बल एडवोकेट, राजेन्द्र सिंह सोलंकी, राजवीर सिंह एड., दिनेश चौहान, खूब सिंह, राहुल कुमार, कुलदीप सिंह एड., कुवर रसिक चौहान, धनीराम राजपूत, गीता चौहान, डा. शिवानी चौहान, कविता चौहान, वक्ताओं ने नई कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नई टीम संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगी।

## इनकी भी उपस्थिति रही

इस अवसर पर ठा. योगेन्द्र सिंह, डा. इंद्रदीप सिंह, गौरव चौहान, सत्यवीर सिंह, अनुभव चौहान, के.के. सिंह, टेकचन्द सिंह, सुनील कुमार चौहान, कल्याण सिंह, अमर सिंह, नरेशपाल, देवेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह एड.,सचिन राजपूत, नवदीप सिंह एड., सत्यवीर सिंह, भुवनेश कुमार, जितेन्द्र राणा, वंश चौहान, विराज प्रताप सिंह, हेमचन्द्र सिंह, अमर सिंह, कल्याण सिंह, जितेन्द्र राणा, नरेश पाल, अभ्युदय चौहान, अमित कुमार राणा, रजत राजपूत, राघव सोलंकी, विनय चौहान, अरविंद कुमार, डा. धर्मेन्द्र चौहान, मुकेश कुमार, विकास कुमार राजपूत, डा. डवलेश कुमार, नरेन्द्र कुमार,भूपेन्द्र सिंह, सुधा देवी, भूमिका चौहान, स्नेह लता, पूनम चौहान, प्रथा चौहान, चारु चौहान, प्रीति रानी, कनिष्का सिंह, प्रबोधिका चौहान, दिव्याक्षी चौहान आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने उतरवाये 2509 लाउडस्पीकर

## मस्जिदों से 1323, मंदिरों से 1116 और गुरुद्वारों से 70 लाउडस्पीकर हटाए गए

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए बिजनौर पुलिस का धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों के खिलाफ अभियान जारी है। पुलिस ने 6 सितंबर तक जिले के सभी थाना क्षेत्रों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 2509 लाउडस्पीकर हटाए हैं। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और शासन के आदेशों के अनुपालन में की है।

पुलिस के मुताबिक अभियान के दौरान अब तक मस्जिदों से 1323, मंदिरों से 1116 और गुरुद्वारों से 70 लाउडस्पीकर हटाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि कार्रवाई का उद्देश्य धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप करना नहीं, बल्कि ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना और निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित कराना है। पुलिस ने बताया कि ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के तहत आवासीय क्षेत्रों में दिन के समय ध्वनि की अधिकतम सीमा 55 डेसीबल और रात में 45 डेसीबल निर्धारित है। इसी तरह वाणिज्यिक क्षेत्रों में दिन के समय 65 डेसीबल और रात में 55 डेसीबल की सीमा निर्धारित की गई है।



पुलिस ने आम लोगों से धार्मिक स्थलों और अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का इस्तेमाल निर्धारित मानकों के अनुसार करने की अपील की है। कार्यक्रमों में आवाज इतनी रखने को कहा गया है कि ध्वनि परिसर से बाहर आसपास के लोगों के लिए परेशानी का कारण न बने। पुलिस के मुताबिक अभियान के तहत आगे भी धार्मिक स्थलों और अन्य स्थानों पर ध्वनि व्यवस्था की निगरानी की जाएगी। लोगों से अपील की गई है कि यदि कहीं तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजने से परेशानी हो रही है तो इसकी शिकायत नजदीकी थाने या यूपी-112 पर की जा सकती है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक बिजनौर के सीयूजी नंबर 9454400254 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# मेरठ के एक चिकित्सक दम्पति ने भी ठोका भाजपा से टिकट का दावा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से टिकट मांगने वालों की फहरिस्त लम्बी होती जा रही है। मेरठ निवासी एक चिकित्सक दम्पति ने भी दावा ठोका है। रविवार को नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से वार्ता करते हुए मेरठ निवासी आर्थोपेडिक्स सर्जन (हड्डी रोग विशेषज्ञ) डा. मूलचंद सैनी व उनकी धर्मपत्नी डा. सजला सैनी ने कहा कि यदि भाजपा हाईकमान ने उन्हें चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया तो वे पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे। चिकित्सक दम्पति ने कहा कि विधायक बनने के बाद शिक्षा व क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि खादर क्षेत्र में बाढ़ की रोकथाम के लिए वे गंगा किनारे तटबंध का निर्माण कराने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद हस्तिनापुर-मेरठ मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे बहुत जल्द ही आवास खरीदेंगे तथा क्षेत्र की जनता के बीच में रहेंगे। इस अवसर पर ठाकुर रामबहादुर आर्य, पंकज चौहान एडवोकेट, ठा. हर्षित बहादुर आर्य आदि भी मौजूद रहे।





# काशीरामपुर में कैंसर की बीमारी से 29वीं मौत से कोहराम मचा

## गांव में चार लोग अभी कैंसर की बीमारी से जूझ रहे



**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव काशीरामपुर में कैंसर से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जिसकी खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रविवार को क्षेत्र के गांव काशीरामपुर निवासी धीर सिंह (40वर्ष) पुत्र रामलाल की कैंसर की बीमारी से मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों के अनुसार धीर सिंह पिछले कुछ समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रहा था, उसका उपचार चल रहा था। धीर सिंह के गले में कैंसर था। मृतक अपने पीछे पत्नी व एक पुत्री को रोता-बिलखता छोड़ गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। धीर सिंह की मौत के बाद गांव में एक बार फिर कैंसर के बढ़ते मामलों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि काशीरामपुर में इससे पहले भी पिछले 10 सालों में कैंसर की बीमारी से 28 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में महिलाएं व पुरुष दोनों शामिल हैं। एक ही गांव में लगातार हो रही कैंसर से मौतों के मामले सामने आने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ती जा रही है। ग्राम काशीरामपुर में पिछले 10 सालों में अब तक धीर सिंह सहित 29 लोगों की कैंसर से मौत हो चुकी है। गांव में अभी भी इमला देवी पत्नी कलवा सिंह, ज्योति पत्नी बाबूराम, मुमताज पत्नी सलीम, सरफराज पुत्र इतवारी कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे है। इन सभी 4 मरीजों का उपचार अलग-अलग अस्पताल में चल रहा है।

### शिविर लगाकर कैंसर के संदिग्ध मामलों की जांच की मांग

**काशीरामपुर के ग्रामीणों ने लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमार से बचाने के लिए गांव में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाये जाने की मांग की है। शिविर में ग्रामीणों की सही प्रकार से स्वास्थ्य जांच के साथ कैंसर के संदिग्ध मामलों की भी पहचान की जाए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बने उप स्वास्थ्य केंद्र पर नियमित रूप से डॉक्टर नहीं बैठते है। जिसके कारण गांव में मरीजों को उपचार के लिए बाहर जाना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि ग्राम काशीरामपुर में सरकारी हैंडपंपों के पानी का नमूना फेल हुआ था, जिसके बाद उक्त हैंडपंपों पर क्रॉस का निशान बनाकर उन्हें चिन्हित कर उसका पानी पीने के लिए मना किया गया था। उसके बाद से गांव में बनी पेयजल की टंकी के पानी को ग्रामीण उपयोग में ला रहे है।**



## पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है: डॉ. तारिक ज़की

नजीबाबाद (चिंगारी)। आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अफजाल अंसारी व संगठन से जुड़े सभी पत्रकारों का कृषि उत्पादन मंडी समिति में मंडी यूनियन के अध्यक्ष गोपाल सिंह, सेक्रेटरी मौ. यूनुस, कोषाध्यक्ष मौ. इश्तेशान, वसीम अहमद, महबूब ने माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि आईरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तारिक जकी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। पत्रकारों को निष्पक्षता व निर्भीकता से जिम्मेदारी निभानी चाहिए। विशिष्ट अतिथि भाकियू के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह ने कहा कि पत्रकार ही जनता की आवाज शासन तक पहुंचाते है। शहजाद नोमानी के संचालन में कार्यक्रम में डॉ. आफताब नोमानी, मुकेश सिन्हा, टीएस मलिक, विश्वास द्विवेदी, शाकिर कुरैशी, नईम सिद्दीकी, गुलजार कुरैशी, जिशान नजीबाबादी, नौशाद मुल्तानी, खिजर अहमद, अब्दुल रहमान अल्वी भूरे, मौ. शाहनवाज, कुलदीप राजपूत, अनुज शर्मा, संजीव ठाकुर, महमूद रजा, मौ. इकराम, सोनू आदित्य, नरेंद्र कुमार, शहजाद मलिक, मुशर्रफ अली, अकरम उस्मानी, रालोद के नगराध्यक्ष इकबाल चौधरी एडवोकेट, शमशुल इस्लाम एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## सन शाइन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। सन शाइन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं रिया, भूमिका, अनवी, मूसा, अरहान, शुभ, प्रिंस, मयंक, ओवेश, इशांत, काजल, विनय, तनिष्क, शिवांक, लननी, शीनू, वासू, इशू, हुमैरा आदि सभी ने भाषण, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियां देकर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। प्रबंधक विनोद मित्तल ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक हमें सही व गलत का ज्ञान कराकर सही मार्ग की ओर प्रेरित करते हैं। विद्यालय के समस्त स्टॉफ अनु, पिंकी, निधि, नीलम, माधवी, तरू, तनू, वैशाली, अरीबा, रिया, काशिफा, हुमैरा, साक्षी, हेमा, आशु, योगेंद्र, अर्जुन, प्रमोद, मनीष, सुरेंद्र आदि रहे। प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने बच्चों को डॉ. राधाकृष्णन के जीवन एवं उनके शिक्षा के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा काव्या अवनि नाफी ने किया।**

### सूचना

मेरा छोटा पुत्र दीपक कुमार मेरे कहने सुनने में नहीं है। दीपक कुमार परिवार की बिना मर्जी से कौशल उर्फ भूरी पुत्री प्रकाश निवासी लालपुर थाना कोतवाली देहात से लगभग तीन वर्षो से प्रेम प्रसंग के चलते शादी करना चाहता है। इसलिए मैने दीपक कुमार को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उससे मेरा, मेरी पत्नी व बड़े पुत्र सोनू कुमार से कोई सम्बन्ध नहीं रहा है।

**-दिनेश कुमार पुत्र लल्लू सिंह, निवासी ग्राम वैशपुर कुड़िया ग्राम पंचायत शाहबपुर रतन सिंह, थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

## धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतरवाने के विरुद्ध ज्ञापन दिया




**चांदपुर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी ने जिलाधिकारी को मन्दिरों व मस्जिदों से उतारे जा रहे माइक व लाउडस्पीकर के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया। आज दोपहर जिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद बिजनौर में पुलिस प्रशासन द्वारा मंदिरों, मस्जिदो सहित अन्य धार्मिक स्थलो से बिना किसी आदेश के माइक व लाउडस्पीकर उतरवाये जा रहे है, लेकिन किसी भी प्रकार का कोई आदेश दिखाया या दिया नहीं जाता है, और इस कार्यवाही का विरोध करने पर पुलिस प्रशासन द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है और झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की धमकी दी जाती है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस कार्यवाही से समाज में भय का माहौल है और समाज में यह संदेश जा रहा है कि मस्जिदों से हिन्दुओं के दबाव में माइक व लाउडस्पीकर उतरवाये जा रहे हैं और हिन्दू समाज में यह संदेश जा रहा है कि मुस्लिम समाज के दबाव में मंदिरों से माइक व लाउडस्पीकर उतरवाये जा रहे हैं, जबकि धार्मिक स्थलो पर तय मानक के अनुसार ही माइक व लाउडस्पीकर बजाते जाते हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा यह कृत्य दोनों ही धर्मों में भय व असंतुलन पैदा कर रहा है। ज्ञापन देने वालों में आसपा के जिलाध्यक्ष, पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान आदि शामिल थे।



शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व विद्यार्थी।

## विज़न कॉलेज में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। विजन कॉलेज नजीबाबाद में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के डिप्लोमा, डिग्री पाठयक्रमों से संबंधित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों तथा समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये। कॉलेज के निदेशक मौ. अय्यूब ने कहा शिक्षक दिवस का मूल उद्देश्य शिक्षकों के प्रति सम्मान व उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोबीन हसन, आयुष डेरेन, हर्ष, कु. मन्तशा, मौ. गुफरान काजी, मौ. अनवार, जावेद हमीद, कु. अनुशा, कु. विदुषी, आकाश, धनवती, सुशील, राहुल आदि का सहयोग रहा।


धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले **नयी** केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन

कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट
( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )

कोई भी Knee Cap
( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

**कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें**

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

**गोयल मेडिकल स्टोर**

नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर

फोन - 9411012482, 8273387326

**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**

# तेज आवाज़ में बजने वाले डीजे और बैंडबाजे पर भी लगनी चाहिए रोक



राजीव वर्मा


मो. अमीरुद्दीन


सोनू चौधरी


जितेंद्र सिंह

**खासपुरा ( चिंगारी )।** जिले में ध्वनि प्रदूषण को लेकर पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देश के बाद पुलिस की कार्रवाई का असर दिखाई देने लगा है। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और अन्य धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतारे जा रहे हैं और निर्धारित मानकों के अनुसार ही ध्वनि का प्रयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस की इस पहल का स्थानीय नागरिकों और सामाजिक लोगों ने स्वागत किया है, साथ-साथ पुलिस अधीक्षक बिजनौर का धन्यवाद भी किया है। हालांकि, लोगों ने मांग की है कि ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ कार्रवाई केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित न रहे, बल्कि देर रात तक तेज आवाज में बजने वाले डीजे और बैंडबाजों पर भी सख्ती से रोक लगाई जाए। **ग्रामीण राजीव वर्मा** ने बताया कि शादी समारोह, बारात और अन्य कार्यक्रमों में देर रात तक तेज आवाज में डीजे और बैंड बजने से आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है। **मो. अमीरुद्दीन** का कहना है की खुशी के कार्यक्रम मनाने पर किसी को आपत्ति नहीं है, लेकिन दूसरों की नींद और शांति की कीमत पर देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाना उचित नहीं है। **सोनू कुमार चौधरी** ने कहा निर्धारित समय के बाद यदि किसी कार्यक्रम में डीजे, बैंड चलाया भी जाए तो उसकी आवाज परिसर तक सीमित रखी जाए। उन्होंने बिजनौर पुलिस अधीक्षक से अपील की कि धार्मिक स्थलों के साथ-साथ डीजे और बैंड संचालकों पर भी समान रूप से सख्ती की जाए, ताकि जिले में ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। **जितेन्द्र सिंह ने** कहा सबसे पहले पुलिस अधीक्षक बिजनौर का धन्यवाद, साथ ही रात 10 बजे के बाद तेज आवाज में डीजे और बैंड बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इससे आमजन को ध्वनि प्रदूषण से बहुत राहत मिलेगी।

# धूमधाम से निकली रामडोल की शोभायात्रा



**चांदपुर ( चिंगारी )।** श्रीराम सेवक मंडल रामलीला कमेटी चांदपुर के तत्वावधान में नगर में रामडोल की भव्य शोभायात्रा श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में एक बैंड व आधा दर्जन से अधिक मनमोहक झांकियां शामिल रहीं।

नगर में दो दिनों तक मनाये गये श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद रविवार की शाम को नगर के मुहल्ला कोटला स्थित मंदिर ठाकुरद्वारा से भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना व रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विकास गुप्ता रॉकी द्वारा फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मंदिरों से होती हुई वापस मंदिर ठाकुरद्वारा आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में राम दरबार, राधा कृष्ण, शिव पार्वती के साथ ही रामभक्त हनुमान, गणेश जी, खाटूश्याम जी, काली माता की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।

शोभायात्रा में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विकास गुप्ता रॉकी, ब्रजेश कौशिक, दिनेश गुप्ता टिल्लू, सौरभ राणा, राजकुमार बंसल, प्रभात गुप्ता एडवोकेट, सुबोध गुप्ता, मनोज शर्मा, नितिन बंसल, सुधीर अग्रवाल, प्रशांत तायल, विपुल तायल, आशू गोयल आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह पुलिस बल के साथ साथ चल रहे थे।

## उस्ताद कौन है मेरे उस्ताद की तरह...

स्कूल है मेरा किसी घर-बार की तरह
उस्ताद कौन है मेरे उस्ताद की तरह
कुर्बानियां भी देते हैं, देते हैं ये दुआ
इल्म-ओ-हुनर की दौलतें करते हैं ये अता
ये प्यार हम से करते हैं माँ-बाप की तरह
उस्ताद कौन है मेरे उस्ताद की तरह
हर मुश्किल में हमको देते हैं हौसला
हर मोड़ पर दिखाते हैं जीने का रास्ता
अपनी बातों से सजाते हैं ये जहां
उस्ताद कौन है मेरे उस्ताद की तरह
हम को सिखाते हैं किसी फनकार की तरह
रहते हैं साथ अपने वफादार की तरह
हर हाल में निभाते हैं अपना ये हक़ अदा
उस्ताद कौन है मेरे उस्ताद की तरह

-मिस अली

# तब सावन-भादो में बरसता था सुकून, अब बरसती है आफ़त

विचार- प्रवाह

## पानी में छपाछप करते बच्चे, कागज़ की नाव और झूलों से लेकर बाढ़, जलभराव और खिसकती चट्टानों तक बारिश का बदलता मिज़ाज

सावन और भादो का नाम लेते ही कभी मन में बादलों से घिरा आसमान, ठंडी हवाएं, मिट्टी की सोंधी खुशबू और लगातार बरसती रिमझिम बारिश का दृश्य उभर आता था। बारिश का इंतज़ार केवल किसानों को नहीं, बच्चों को भी रहता था। बादल घिरते ही जैसे पूरे गांव और कस्बे के बच्चों के चेहरे खिल उठते थे।

### वह भी क्या समय था!

जब बारिश शुरू होते ही बच्चे घरों से निकल पड़ते। कोई पानी में छपाछप करता हुआ आगे बढ़ता, तो कोई अपने दोस्तों के पीछे दौड़ता हुआ कीचड़ में फिसलकर गिर जाता और फिर हंसते-हंसते उठ खड़ा होता। किसी के हाथ में कागज़ की नाव होती, तो कोई पानी की धारा में अपनी नाव को सबसे आगे पहुंचाने की होड़ में लगा रहता। कागज़ की वह छोटी-सी नाव बच्चों के लिए किसी बड़े जहाज़ से कम नहीं होती थी।

नाली या बरसाती पानी की छोटी-सी धारा उनके लिए नदी बन जाती थी। बच्चे उसके किनारे बैठकर अपनी नावों को बहते देखते और जब किसी की नाव सबसे आगे निकल जाती तो उसकी खुशी देखने लायक होती।

बारिश में एक-दूसरे के पीछे दौड़ते बच्चे, भीगे कपड़े, मिट्टी से सने पैर और चेहरे पर बेफिक्र मुस्कान- वह सावन की अपनी ही दुनिया थी।

पेड़ों की डालियों पर झूले पड़ते थे। लड़कियां और महिलाएं सावन के गीत गातीं। खेतों में हरियाली उतर आती। तालाब, पोखर और कुएं पानी से भरने लगते। किसान के चेहरे पर संतोष दिखाई देता।

बारिश तब केवल आसमान से गिरने वाला पानी नहीं थी। वह गांव की खुशी थी, बच्चों का खेल थी, किसान की उम्मीद थी और धरती के लिए जीवन थी।



फिर धीरे-धीरे बारिश का रंग बदलने लगा

आज भी सावन-भादो आते हैं। बादल आज भी घिरते हैं। बारिश आज भी होती है। लेकिन कई जगह बारिश का मंजर देखकर खुशी से पहले चिंता पैदा होती है। कभी कई दिनों तक बादल दिखाई नहीं देते और जब बरसते हैं तो कुछ ही घंटों में इतनी तेज़ बारिश हो जाती है कि सड़कें पानी में डूब जाती हैं। नालियां छोटी पड़ जाती हैं। घरों में पानी घुस जाता है। खेत जलमग्न हो जाते हैं और नदी-नालों का पानी खतरे के निशान तक पहुंच जाता है। जो पानी कभी बच्चों के खेल का मैदान हुआ करता था, वही पानी आज कई परिवारों के लिए डर का कारण बन जाता है। पहले बारिश होते ही बच्चे बाहर निकलने की जिद करते थे। आज कई माता-पिता बारिश शुरू होते ही बच्चों को आवाज़ लगाते हैं- बाहर मत जाना पानी बहुत है।

### बाढ़ का पानी और खिसकती चट्टानें

पहाड़ों में बारिश का दृश्य तो और भी चिंताजनक हो गया है। कहीं तेज बारिश के बाद सड़कें टूट जाती हैं, कहीं मलबा रास्ते रोक देता है और कहीं खिसकती चट्टानें और भूस्खलन लोगों की जिंदगी के लिए खतरा बन जाते हैं।

कभी पहाड़ों की बारिश पर्यटकों के लिए रोमांच थी। अब कई बार वही बारिश यात्रा रोक देती है और घर लौटने की चिंता पैदा करती है।

मैदानी इलाकों में भी अचानक होने वाली तेज बारिश कई बार बाढ़ और जलभराव का रूप ले लेती है। पानी के प्राकृतिक रास्ते कम होते गए, तालाब और पोखर सिकुड़ते गए और हर तरफ कंक्रीट फैलता गया। बारिश का पानी जमीन में उतरने के बजाय तेजी से बहने लगा।

शायद बारिश अकेली नहीं बदली।
हमने भी अपनी धरती को बहुत बदल दिया है।

### बच्चों का सावन भी बदल गया

एक समय था जब बच्चे बारिश देखकर टीवी बंद कर देते थे और बाहर भागते थे। आज कई बच्चे बारिश को खिड़की के शीशे के पीछे से देखते हैं। उनके पास मोबाइल है, वीडियो गेम है, इंटरनेट है- लेकिन बारिश में कागज़ की नाव चलाने का वह रोमांच नहीं। पहले मां की आवाज़ आती थी- बहुत भीग गए हो, अब घर आ जाओ। आज आवाज़ आती है- बाहर मत निकलना, पानी बहुत ख़तरनाक है। यह केवल शब्दों का बदलाव नहीं है। यह हमारे बदलते समय की कहानी है। सावन की वह मुस्कान फिर लौट सकती है।

हमें बारिश से डरने की नहीं, प्रकृति के साथ तालमेल बैठाने की ज़रूरत है। तालाब बचाने होंगे। जलभराव के रास्ते खोलने होंगे। पेड़ लगाने होंगे। पहाड़ों और नदियों के प्राकृतिक स्वरूप का सम्मान करना होगा। और बारिश के पानी को बहाने के बजाय उसे सहेजना होगा।



-डा. अतीक 'दानिश'
स्वतंत्र लेखक एवं साहित्यकार
फोन- 7906141418

# डा. राधाकृष्णन की जयंती मनाई
## विद्यार्थियों ने शिक्षकों की भूमिका निभाई

**नूरपुर ( चिंगारी )।** धामपुर रोड स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में देश के द्वितीय राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद् एवं विद्वान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में बड़े उत्साह, हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने शिक्षकों की भूमिका निभाते हुए कक्षाओं का संचालन किया तथा छोटे विद्यार्थियों को पढ़ाने का अनुभव प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ शिक्षण कार्य संपन्न किया, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना का विकास हुआ।



शिक्षक दिवस समारोह के अंतर्गत विद्यालय के सभी पांच हाउस- सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस एवं तेज हाउस- तथा नन्हा बचपन टीम के शिक्षकों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने इस अवसर पर बताया कि यह दिन विद्यालय परिवार के लिए विशेष गौरव एवं प्रेरणा का दिन है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन विद्यालय के संस्थापक एवं पूर्व प्रधानाचार्य सरदार तारा सिंह को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया था, इसलिए शिक्षक दिवस विद्यालय के शिक्षकों के लिए एक अतिरिक्त प्रेरणा एवं गौरव का अवसर भी प्रदान करता है। विद्यालय के प्रबंधक मंदीप सिंह ने अपने संबोधन में शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बताते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में शिक्षा निरंतर नये आयाम स्थापित कर रही है।






# ग्रेट इंडियन एकेडमी में उत्साहपूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस



**झालू ( चिंगारी )।** ग्रेट इंडियन एकेडमी में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में शिक्षकों के सम्मान एवं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से एक भव्य, आकर्षक एवं भावपूर्ण सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा नाटक, कविता, भाषण, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने शिक्षकों के त्याग, समर्पण, अनुशासन, मार्गदर्शन एवं स्नेह को सुंदर शब्दों और भावपूर्ण अभिनय के माध्यम से अभिव्यक्त किया। विद्यालय के अकेडमिक डीन आयुष अग्रवाल ने भी शब्दों के माध्यम से शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उनके समर्पण एवं निरंतर प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए उनके समर्पण, मेहनत एवं सकारात्मक भूमिका की सराहना की तथा सभी को निरंतर इसी उत्साह और लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य श्रीमती दीक्षा डबराल व आयुष अग्रवाल को 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में तथा कार्तिक खन्ना, वैशाली, सलोनी शर्मा को श्रेष्ठ अध्यापिका के सम्मान में सम्मान-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर उन्हें गौरवान्वित किया गया।

# बारिश में भरभराकर गिरा मकान
## नष्ट हुआ ग़रीब का सारा सामान

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** लगातार हो रही भारी बारिश के चलते थाना क्षेत्र के एक गांव में एक गरीब का आशियाना भरभराकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि जिस वक्त मकान गिरा उस समय मकान के भीतर कोई मौजूद नहीं था, मगर मकान के मलबे में दबने से गरीब का सारा सामान बर्बाद हो गया।

थाना क्षेत्र के गांव भोगपुर निवासी राजपाल सिंह पुत्र लाल सिंह का गांव में ही एक कच्चा मकान था। कई दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते रविवार को राजपाल सिंह का कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि जिस समय मकान भरभराकर गिरा उस समय मकान के भीतर कोई मौजूद नहीं था। राजपाल द्वारा बताया जा रहा है कि मकान के मलबे में दबकर चारपाई, कुर्सी, मेज, बक्सा, रजाई गद्दे सहित कलर टीवी व बर्तन, गैस चूल्हा सहित घर का सारा सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। राजपाल ने राजस्व विभाग से मदद की गुहार लगाई है। इस संबंध में हलका लेखपाल अमित उत्तम ने बताया कि सोमवार को मौके पर पहुंचकर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


बारिश के कारण मलबे में तब्दील घर

# जीवन को सही दिशा प्रदान करता है शिक्षक- नफीस मंसूरी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** यहां धामपुर रोड स्थित न्यू हैवन ईंटर कॉलिज में देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। कॉलिज के प्रबंधक व भारतीय मंसूरी समाज के प्रदेश महासचिव नफीस अहमद मंसूरी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में नफ़ीस मंसूरी ने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह भारतीय संस्कृति के महान संवाहक प्रख्यात शिक्षाविद दार्शनिक के साथ देश के राष्ट्रपति भी रहे। प्रबंधक नफीस अहमद मंसूरी ने कहा कि एक शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देता, बल्कि जीवन जीने की सही दिशा और सपनों को पूरा करने का हौसला भी देता है। कार्यक्रम में नफीस अहमद मंसूरी ने शिक्षकों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर जाकिर हुसैन, अब्दुल कय्यूम, इमरान अहमद, अभय त्यागी, बरम सिंह, रणजीत सिंह, कश्मीरी सिंह, इस्लामुद्दीन आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



# घरों में घुसा खलिया का पानी, लोग छतों पर रहने को मजबूर

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )। बस्ती के कई सम्पर्क मार्गों व कई मकानों में गांगन नदी का पानी खलिया के बरसाती पानी के साथ घुस जाने से प्रभावित ग्रामीण अपनी छतों पर आसरा लिये हुए हैं। विगत दो साल से जलभराव की यह समस्या लोगों को घर से बेघर कर देती है। तहसील प्रशासन आज तक इसका कोई स्थाई समाधान नहीं कर पाया।**

कस्बे की आबादी क्षेत्र में खलिया बहती है जिसके बहाव मार्ग में अतिक्रमण होने के कारण पानी बहाव होने में परेशानी होती है। पीछे मोरना से यह गांगन नदी तथा आगे कडूला नदी से जुड़ी हुई है। इस बार भी गांगन का तटबंध ओवर होने पर पानी का तेज बहाव खलिया में हो रहा है। खलिया से जुड़े सम्पर्क मार्ग जलमग्न हैं। बाल्मीकि बस्ती, काली का मंदिर, पौटा, ईदगाह रोड, जोशियान बस्ती में पानी भरा हुआ है। दो दिन से लगातार बारिश हो रही है। रविवार को दोपहर बाद बारिश न होने पर भी पानी का स्तर बढ़ता जा रहा है। विगत दो वर्षों में भी इन मोहल्लों में जलभराव होने पर तहसील प्रशासन ने प्राथमिक स्कूल प्रथम में अस्थाई रेन बसेरा बनवाया था।

# उफान पर आई नचना, मुश्किल हुआ बचना

## अफ़ज़लगढ़ के मोहल्लों व बाज़ार में भरा पानी

### दुकानदार समेट रहे अपना-अपना सामान

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** लगातार हो रही बारिश के चलते नगर के बीच से होकर गुजरने वाली नचना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी का पानी आसपास के बाजार और दुकानों तक पहुंचने लगा है। इससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। पानी बढ़ने की आशंका के चलते कई दुकानदारों ने अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया है। नचना नदी में हर साल मानसून के दौरान जलस्तर बढ़ने से नगर में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो जाता है। पिछले दो-तीन दिनों से क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण इस बार भी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। रविवार को नदी का पानी आसपास की दुकानों तक पहुंचने के बाद व्यापारियों की चिंता और बढ़ गई। नचना नदी मौसमी नदी है और मानसून के दौरान इसमें पानी का बहाव बढ़ जाता है। नगर के बीच से होकर गुजरने के कारण नदी के दोनों ओर बड़ी संख्या में आबादी और बाजार बसे हुए हैं। जलस्तर बढ़ने पर नदी का पानी आसपास के क्षेत्रों में फैलने लगता है, जिससे जलभराव की स्थिति बन जाती है। नदी किनारे बसी डूडा कॉलोनी के अलावा मोहल्ला मुमताज हुसैन, चिरंजीलाल, बेगम सराय और किला क्षेत्र के लोगों को भी पानी घरों तक पहुंचने की चिंता सताने लगी है। यदि



नगर के बाजार व मोहल्लों में घुसा पानी।

बारिश का सिलसिला जारी रहा और नदी का जलस्तर और बढ़ा तो नगर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति गंभीर हो सकती है। नगरवासियों ने प्रशासन से नचना नदी के बढ़ते जलस्तर पर निगरानी रखने तथा संभावित बाढ़ और जलभराव से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाने की मांग की है।

# अजीजिया दवाखाना एवं मेडिकल स्टोर का उद्घाटन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय मोहल्ला कस्साबान में नवनिर्मित अजीजिया दवाखाना एवं मेडिकल स्टोर का उदघाटन कारी अब्दुल हन्नान, चिंगारी संपादक सूर्यमणि रघुवंशी एवं डा. नितिन गोयल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मेडिकल स्टोर संचालक की ओर से आयोजित समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। उदघाटन समारोह में पूर्व सपा जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन, वरिष्ठ पत्रकार मरगूब रहमानी, डा. रहमान, अतुल सर्राफ, आसपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन झालू शहजाद अहमद, अनीसुर्रहमान, डा. दानिश, अमजद कुरैशी, कमरुल जमा, डा.शाहनवाज, खालिद असरार, इकबालुद्दीन, राशिद राजधानी, वसीम अहमद एडवोकेट, पूर्व सभासद वसीम अहमद उर्फ भोला, शाहवेज, हैदर, अजहर, अरशद सलमानी, योगेंद्र चौधरी योगी, समाजसेवी शमीम मामा, मैराज बिजनौरी, पत्रकार अरबाब रहमानी, अकरम अली, सरफराज आदि मौजूद रहे। मेडिकल स्टोर के स्वामी इमाद सलमानी एवं उनके पिता हकीम अब्दुल रशीद ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस पेंशनर कल्याण बोर्ड का चुनाव सम्पन्न

### शोकेंद्र पाल सिंह अध्यक्ष निर्वाचित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय पुलिस लाइन बिजनौर में उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर कल्याण बोर्ड का चुनाव रविवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुआ। चुनाव नोडल अधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रकाश कुमार की देखरेख में कराया गया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। घोषित परिणाम के अनुसार अध्यक्ष पद पर शोकेंद्र पाल सिंह, उपाध्यक्ष पद पर दिग्विजय सिंह, महासचिव पद पर महेंद्र सिंह, सचिव पद पर वीरेंद्र सिंह, सहसचिव पद पर ताहिर हुसैन तथा कोषाध्यक्ष पद पर विजय पाल सिंह ने मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम सामने आते ही पुलिस लाइन में खुशी का माहौल बन गया। विजयी प्रत्याशियों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। समर्थकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।




# देशी तमंचे के साथ, मेराज आया हाथ

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत हीमपुर दीपा पुलिस ने एक युवक को अवैध असले के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा रवि करण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र के भ्रमण पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर लदुपुरा बिजलीघर के पास मैराज पुत्र मुख्तार निवासी अकबरपुर तिगरी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का एक देशी तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया। थाना क्षेत्र के अकबरपुर तिगरी गांव निवासी आशिक पुत्र इकरार द्वारा घर में घुसकर मारपीट गाली-गलौज जान से मारने की धमकी देने और फायरिंग कर दहशत फैलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को एक तहरीर दी गई थी, जिसमें आरोपी सहित आठ व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। बताते हैं कि पीड़ित ने 5 सितंबर 2026 को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संदीप कुमार, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, उपनिरीक्षक सुमित कुमार के अलावा कांस्टेबल अजय पाल, अनुज कुमार और महिला कांस्टेबल रोजी आदि शामिल रहे।




# अमला नदी पर बने पुल का एक हिस्सा ढहने के बावजूद भारी वाहनों का आवागमन जारी

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** अमला नदी पर बने पुल का एक हिस्सा ढह जाने के बाद भी पुल से भारी वाहनों का आवागमन जारी है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से हादसे का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। बताते चलें कि इस वर्ष यह दूसरी बार है जब अमला नदी के पुल का हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर बहा है। पुल का हिस्सा ढहने से कादराबाद, कालागढ़, हरेवाली और नगीना मार्ग सहित दर्जनों ग्रामों से संपर्क प्रभावित हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल की स्थिति लगातार चिंताजनक बनी हुई है और भारी वाहनों के गुजरने से क्षतिग्रस्त हिस्से के और कमजोर होने की आशंका है। राहगीरों ने प्रशासन से पुल की तत्काल मरम्मत कराने तथा मरम्मत होने तक भारी वाहनों का आवागमन रोकने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो पुल पर किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल पुलिस ने गड्ढे में मिट्टी भरवाकर वहां एक बैरिकेडिंग रखकर कार्य की इतिश्री कर दी है। बावजूद इसके पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर कोई रोक नहीं है, जो कभी भी बड़ा हादसे की वजह बन सकता है।


पुल से गुजरते भारी वाहन।

# चिल्ड्रंस एकेडमी में शिक्षक दिवस पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नूरपुर ( चिंगारी )।** मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रंस एकेडमी में शिक्षक दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 3 से भूमि, अक्षी, ऋद्धिका, जीविका, अक्षिता, कनुप्रिया, अमायरा, मान्या, यशी, तृप्ति, कक्षा 4 से आराध्या, गोरी ग्रुप, कक्षा 5 से दिव्या, कक्षा 6 से जिया ग्रुप, आकृति ग्रुप, कक्षा 7 से अन्वी, यशस्वी व मिस्टी, कक्षा 8 से रुद्र, धैर्य, वंश, ईशांत, मानवी व दिव्यांशी, कक्षा 9 से अवनी, कक्षा 12 से कनिष्का, चिंकी, दीपिका एवं मनस्वी आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन वंशिका निर्माण कक्षा 12 ने किया।


समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने गुरु-शिष्य परंपरा को दर्शाते हुए मनमोहक नृत्य, नाटक और भाषण प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसमें एक्टिविटी इंचार्ज रचना यादव, राखी आर्य, ख्याति चौधरी, सविता रानी, दीपा रानी, राशी शर्मा, निशा कुमारी, आरती भारद्वाज, मंजू गोयल, रजनी देवी, बबीता देवी, विनीत कुमार, लोकेश यादव आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर गौरव गोयल एवं मैनेजर डॉ. प्राज्ञ गोयल उपस्थित रहे।



# नांगल में धूमधाम से निकला रामडोल का जुलूस

**नांगल सोती (चिंगारी)।** नांगल सोती में प्रतिवर्ष भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (रामडोल) का जुलूस निकाला जाता है। रविवार को बारिश की हल्की फुहारों के बीच स्थानीय मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर के सामने से जुलूस का शुभारम्भ वयोवृद्ध राजेश्वरी देवी एवं चमनो देवी के द्वारा संयुक्त रूप से गुब्बारे उड़ाकर तथा फीता काटकर किया गया। नांगल अखाड़े के खलीफा निखिल कुमार तथा जीतपुर अखाड़े के खलीफा ओमपाल राजपूत को आयोजक समिति के द्वारा तिलक लगाकर, माल्यार्पण करके तथा उपहार भेंट करके सम्मानित किया गया। जुलूस आरम्भ होने से पूर्व शिव मंदिर में विधि-विधानपूर्वक श्रीकृष्ण जी की पूजा की गई। पूजन पं. तुषार कौशिक एवं पं. शिवम कौशिक ने सम्पन्न कराया। जुलूस में एक ट्रैक्टर-ट्रिपलर पर डीजे सिस्टम रखा हुआ था तथा दूसरे ट्रैक्टर पर योगीराज श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप (लड्डू गोपाल) की सजी-धजी मूर्ति पालकी में विराजमान थी। दोनों अखाड़ों में खिलाड़ियों ने लाठी-डंडों, तलवार, चक्र, बल्लम, बैरेटी, मुदगर आदि से शानदार करतब दिखाये। शाम को जुलूस के गंगा घट्टी पर पहुंचने पर पंडितों तथा कुछ गणमान्य व्यक्तियों ने घाट पर जाकर बाल स्वरूप श्रीकृष्ण जी के पोतड़े गंगाजल से धोने की रस्म पूरी की। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। कैलाशदत्त शर्मा, सुशील शुक्ला, योगेश शुक्ला, अतुल अग्रवाल, रामपाल सिंह, उमाकांत शुक्ला, पं. अरविन्द शुक्ला, रवीन्द्र कौशिक, विजय चौधरी, गोपाल शर्मा, दिनेश परमार, मोहित अग्रवाल, सिंधुराज सिंह, गार्विन चौधरी, लोकेन्द्र राजपूत, मा. रामकुमार शर्मा, मा. शशिकांत शर्मा, सुबोध वर्मा सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


फीता काटकर जुलूस का शुभारम्भ करतीं वयोवृद्ध राजेश्वरी देवी एवं चमनो देवी।


श्रीकृष्ण के बालरूप की मूर्ति के साथ पं. तुषार कौशिक एवं शिवम कौशिक।

## नेपाल में अति वृष्टि और जल प्रलय पर चिंता जताई



**बिजनौर (चिंगारी)।** गायत्री शक्ति पीठ पर आयोजित हवन में नेपाल में अति वृष्टि और जल प्रलय पर चिंता जताई गई। इससे प्रभावित लोगों की आत्मा की शांति के लिए आहुतियां दी गईं। बिजेन्द्र राठी ने यज्ञ कराया। उन्होंने बताया कि नेपाल और अपने देश में अति वृष्टि और जल प्रलय से अनेक लोगों की दुखद मृत्यु हुई है। करोड़ों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई है। यह बहुत ही दुखद है। उन्होंने इस महाविनाश के कारण प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति जताई। उन्होंने बताया कि हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद गंभीर होना होगा। पौधारोपण करना होगा। हवन के यजमान नरेश वालिया रहे। यज्ञ में ओमपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, कुशाग्र शर्मा, कमलेश शर्मा, वीरवती देवी, केदारनाथ साहू, नर्मदा साहू समेत अनेक श्रद्धालुओं ने आहुतियां प्रदान कीं।

## बरकातपुर में 19 से शुरू होगी भागवत कथा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम बरकातपुर के शिव मंदिर में 19 सितम्बर से 31 वें श्रीमद भागवत कथा महोत्सव का आयोजन आरम्भ होगा। 19 सितम्बर को गांव में भव्य कलश यात्रा निकालकर भागवत कथा महोत्सव की शुरुआत की जायेगी। कथा वाचक पं. सतीशचंद शर्मा द्वारा भागवत की अमृतवाणी की जायेगी। भागवत कथा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा अपराहन 3 बजे से शाम 6 बजे तक दो शिफ्टों में होगी। आयोजकों भीष्म सिंह, नरेन्द्रपाल भगत जी, मिथलेश देवी, सुशील कुमार, रोशन सिंह, मोहित राजपूत, श्रीकांत राजपूत, ग्राम प्रधान पति सुधीर राजपूत ने बताया कि भागवत कथा के समापन पर 27 सितम्बर को भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## अफ़ज़लगढ़ ब्लॉक के तीन शिक्षक 'आदर्श शिक्षक' के रूप में सम्मानित

**हरेवली (चिंगारी)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर अफजलगढ़ विकास खंड के तीन शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य के लिए आदर्श शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में इन शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में मनोज कुमार, कंपोजिट विद्यालय चौहड़वाला, संजय यादव, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटारमल तथा निकिता, प्राथमिक विद्यालय खुशहालपुर शामिल हैं। सम्मानित हुए शिक्षकों ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि विद्यालय के विद्यार्थियों, अभिभावकों और पूरे विद्यालय परिवार का सम्मान है। सम्मान उनकी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। भविष्य में भी वे पूरी निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते रहेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी अफजलगढ़ प्रेम सिंह राणा ने सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार ने भी तीनों शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका सम्मान अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणादायी है।



## आकाशीय बिजली गिरने से चाचा-भतीजी घायल

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र के ढेली गुर्जर गांव में आकाशीय बिजली गिरने का एक समाचार मिला है, जिसकी चपेट में आकर वेदप्रकाश शर्मा और उनकी 23 वर्षीय भतीजी आंशिक रूप से घायल हो गए। घटना में उनकी जान जाते-जाते बची। आकाशीय बिजली की चमक और तेज धमाके से लोगों के दिल कांप उठे। अचानक आयी इस आपदा में घरों में लगे इनवर्टर, पंखे आदि विद्युत चालित उपकरण फुंक गए। शनिवार को घटना के समय वेदप्रकाश शर्मा अपनी छत पर पानी के टैंक के पास खड़े थे, जबकि उनकी भतीजी अन्नु घर के आंगन में रोजमर्रा के कामों में व्यस्त थी, तभी गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिर पड़ी। दोनों अर्ध मूर्छित होकर जमीन पर गिर पड़े। वेदप्रकाश के हाथ की उंगली और अन्नू का पैर प्रभावित बताया जा रहा है, जिसका उपचार निजी चिकित्सक से कराया जा रहा है।

## रोटरी क्लब हल्दौर ने पांच शिक्षकों को किया सम्मानित




**हल्दौर (चिंगारी)।** शिक्षक दिवस के अवसर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में रोटरी क्लब हल्दौर ने नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के 5 शिक्षकों को उनकी सेवाओं के लिए उनका सम्मान किया। कार्यक्रम संयोजक रो. संजय रस्तौगी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया शिक्षक राष्ट्र उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी सेवाओं के लिए उनका सम्मान करना हमारा दायित्व बनता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार की रात्रि हुए कार्यक्रम में बृजपाल सिंह, हेमराज सिंह सरस्वती विद्या मन्दिर हल्दौर, श्रीमती प्रियंका रस्तौगी उच्च प्राथमिक विद्यालय, कुम्हारपुरा, विकास कुमार चौधरी, जितेंद्र कुमार मारवाड़ी, सीडी इंटर कॉलेज हल्दौर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी अध्यक्ष अभिषेक कुमार, सचिव विकास मारवाड़ी, नवीन कुमार एडवोकेट, डा. हेमचंद राणा, डॉ. धर्मेंद्र रस्तौगी, देवेंद्र रस्तौगी, संदीप रस्तौगी, डॉ. एके बिस्वास, डॉ. राजीव शरण शर्मा, अनिल सिंह, अनुज मारवाड़ी, दिवाकर रस्तोगी आदि रहे।

## नारी शक्ति संगठन ने बच्चों के साथ मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व




**बिजनौर (चिंगारी)। नारी शक्ति संगठन की सभी महिलाओं ने मिलकर महाराणा प्रताप बस्ती में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार बस्ती की महिलाओं और बच्चों के साथ बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में बच्चों ने श्रीकृष्ण, राधा, सुदामा और मीरा के रूप में रंग बिरंगी वेशभूषा धारण कर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया।**

इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने बच्चों से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से संबंधित प्रश्न पूछे और सही उत्तर देने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति संगठन का उद्देश्य ऐसी बस्तियों में जाकर बच्चों में भारतीय सनातन धर्म एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ना। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उपहार स्वरूप लंच बॉक्स, पेंसिल बॉक्स, चौलाई के लड्डू, बिस्किट आदि वितरित किए गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में संगठन की महामंत्री शारदा चौधरी, उपाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल, निधि वर्मा, वंदना गुप्ता, शिखा गुप्ता, संतोष, पूनम शर्मा, रिंकी मसीह मंत्री मनीषा गुप्ता, करुणा अग्रवाल, रश्मि तोमर, शीतल भारद्वाज, शिखा अग्रवाल, अंशु बिश्नोई, सुनीता शर्मा, डोली शुक्ला, कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, मीडिया प्रभारी माही मसीह सदस्य पिंकी बाला, रीना चौधरी, रेखा वर्मा, माही आदि मौजूद रहीं।

# स्योहारा में धूमधाम से निकली श्री रामडोल शोभायात्रा

## वर्मा मैटरनिटी होम पर शोभायात्रा का हुआ स्वागत

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर मे श्री रामडोल शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गयी। शोभायात्रा का शुभारंभ अखाड़ा पहलवानों के पगड़ी बांध कर किया गया। शोभायात्रा में सुंदर झाकियां शामिल रहीं। युवाओं ने करतब दिखाए। शोभायात्रा हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर मोहल्ला तलाई, रियासत, सब्जीमंडी, शिवमूर्ति, गुरुद्वारा, जुमरात का बाजार, थाना रोड, स्टेशन रोड, मुरादाबाद रोड, आर एस पी रोड़ होता हुआ हनुमान मंदिर पर आरती करके समाप्त हुआ। शोभायात्रा के वर्मा मैटरनिटी नर्सिंग होम पहुंचने पर डा. मनोज वर्मा व डाक्टर लिपिसेन वर्मा, राजीव वर्मा, शोर्य वर्मा, डाक्टर शाश्वत वर्मा ने अखाड़ा पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। शोभायात्रा मे भाजपा नेता सीपी सिंह भी शामिल हुए। अखाड़ा पहलवान जितेंद्र सिंह त्यागी, दयाराम सैनी, प्रकाश तोमर व अन्य लोगों ने अखाड़े में करतब दिखाए। थाना अध्यक्ष संजय तोमर ने सुरक्षा के मद्देजर पुलिस बल के साथ ड्यूटी दी। इस दौरान सोवीर सिंह, संजीव गर्ग, वैभव रस्तौगी, शंशाक विश्नोई, अमित शर्मा, मुकेश रस्तौगी, रजत रस्तौगी उर्फ सैंकी, अर्पित त्यागी, अरविंद बाल्मीकि, धनश्याम सिंह तोमर, नीटू जोशी, डाक्टर राजबहादुर शर्मा, मनोज भटनागर, भाजपा नेता पीयूष रस्तौगी, राजीव वर्मा, शोर्य वर्मा, डाक्टर राजबहादुर शर्मा, जीत त्यागी, डाक्टर शाश्वत, विनोद तोमर, विक्रांत शर्मा, मनोज भटनागर, चंचल शर्मा, जौली शर्मा, विवेक गौड़ उर्फ सोनू, डाक्टर यज्ञदत्त गौड़, कैलाश प्रधान, हरिओम वर्मा, संजीव तोमर आदि मौजूद रहे।


शोभायात्रा में वर्मा परिवार के साथ भाजपा नेता सीपी सिंह व अन्य।


अखड़ा खेलते पहलवान

## सूचना

मेरी गाड़ी संख्या UP 20 T-5987 की हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट टूटकर अफजलगढ़ से कासमपुर गढ़ी वाले रास्ते में गिर गई है। मैंने काफी तलाशने की कोशिश की नहीं मिली। भविष्य में इसका कोई दुरूपयोग न कर सके। अगर किसी सज्जन को मिले तो निम्न पते व मोबाइल नम्बर पर सूचित करे। - **मौ. अफजाल पुत्र स्व. मौ. इकबाल, निवासी मौ. नेजो सराय, अफजलगढ़, जिला बिजनौर। मो. 9012908271**

## भूमि विवाद में अवैध वसूली का आरोप, पुलिस ने मामला दर्ज किया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** भूमि विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने दूसरे पक्ष पर धमकाकर दस लाख रुपये मांगने और जमीन को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला गौहर अली खां निवासी शाहनवाज हसन के अनुसार, मौजा अजबनगर में उसकी भूमिधरी की भूमि है, जिसको लेकर न्यायालय में दीवानी वाद विचाराधीन है। आरोप है कि रिजवान कुरैशी उक्त भूमि को हड़पना चाहता है। इसी को लेकर उसे लगातार धमकियां दी जा रही हैं। आरोप है कि रकम नहीं देने पर जमीन को ध्वस्त कराने की धमकी दी गई, जिससे उसका परिवार भयभीत है। उसने एसपी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। उधर प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिजवान कुरैशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## इनरव्हील क्लब ने शिशु मंदिर के शिक्षकों को सम्मानित किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था इनर व्हील क्लब ऑफ चांदपुर शिक्षक दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरर नीरू गुप्ता एवं क्लब अध्यक्षा श्रीमती प्रिनसा बस्सी द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती नीरू गुप्ता, प्रिंसा बस्सी, अंशुल अग्रवाल ने विद्यार्थियों के जीवन में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका के विषय में अपनी विचार प्रस्तुत किए। नीलिमा त्यागी ने शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान पर एक कविता सुनाकर सभी का दिल जीत लिया। क्लब द्वार विद्यालय के सभी शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने शिक्षक दिवस पर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार त्यागी ने किया।

## पावटी में अल्वी समाज संगठन का गठन

### समाज की एकता और शिक्षा पर जोर

**पैजनिया ( चिंगारी )।** अल्वी समाज को संगठित करने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के उद्देश्य से रविवार को ग्राम पावटी, में अल्वी समाज की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 'अल्वी समाज संगठन' के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज के बुजुर्गों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने एक सुर में कहा कि समाज में शिक्षा की कमी, बेरोजगारी और आपसी बिखराव सबसे बड़ी चुनौती है। इस नई कमेटी का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता लाना, गरीब बच्चों की शिक्षा में मदद करना और शादी-विवाह में फिजूलखर्ची को रोकना होगा। नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों में डा. अमानत अली पावटी, प्रधान, शानू उर्फ त्यागी नहटौर, फिरोज नजीबाबाद, मेहफूज बादल नगीना, साजिद शादीपुर, अल्ताफ शानू डीलर जलादीपुर, मो. राशिद कोतवाली देहात, रियासत इमरान शाहनवाज बसेड़ा, एजाज कादरी, रईस चकराजमल आदि मौजूद रहे। राशिद अल्वी ने बताया कि जल्द ही पूरे जिले में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और समाज के जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए एक कल्याण कोष भी बनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता डॉ. अमानत अली तथा संचालन आफ़ताब एडवोकेट ने किया।

# गंगा बैराज श्मशान घाट का 40 लाख से होगा जीर्णोद्धार

## एडीएम प्रशासन ने किया निरीक्षण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा गंगा बैराज स्थित श्मशान घाट का कायाकल्प कराया जाएगा। 40 लाख की लागत से होने वाले इस जीर्णोद्धार कार्य का अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने औचक निरीक्षण किया और पालिका अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आज सुबह एडीएम प्रशासन श्रीमती अंशिका दीक्षित गंगा बैराज स्थित श्मशान घाट पहुंचीं। उन्होंने वहां अंतिम संस्कार के लिए बनाए गए चार शेड के जीर्णोद्धार कार्य का बारीकी से जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने घाट पर मौजूद शौचालय और पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। एडीएम ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को उच्च स्तरीय बनाए रखने और पेयजल व स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान पालिका के अवर अभियंता (सिविल) यशवंत कुमार भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। बिजनौर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने बताया कि गंगा बैराज श्मशान घाट के जीर्णोद्धार पर 40 लाख खर्च किए जा रहे हैं। इस बजट से अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों के बैठने की उत्तम व्यवस्था, बरसात से बचाव के लिए शेड, पीने का साफ पानी और शौचालय की सुविधा विकसित की जाएगी। साथ ही जो शेड क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, उनका नए सिरे से निर्माण कराया जाएगा। श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि पालिका परिषद गंगा बैराज के सौंदर्यीकरण के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में पिछले दिनों यहां एक विशाल तिरंगा भी स्थापित किया गया था, जो अब क्षेत्र के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

**नगीना ( चिंगारी )। पुलिस ने पानी की टंकी पर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। आगरा के सिकंदरा आवास विकास कॉलोनी निवासी नरेंद्र तोमर में नगीना पुलिस को चोरी की तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि मंझेड़ा शकरु निवासी फैजान, सद्दू, जुबैर ने गांव के पंप हाउस से एक ग्राइंडर और नौ सरिया चोरी कर लिए हैं। पुलिस रविवार को तीनों नामजद लोगों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया है।**



## राशिफल

# विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 8 सितम्बर 2026**

मेष- धनहानि की आशंका, आय की अपेक्षा व्यय की अधिकता, पारिवारिक कठिनाइयों से उलझनें, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव, मन व्यतिक्रम।

वृषभ- व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, विशिष्टजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोरंजन की ओर रुझान।

मिथुन- साहसिक प्रयास प्रगति पर, समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति की अनुभूति, मनोबल में वृद्धि, अड़चनें समाप्त।

कर्क- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना दृष्टिगत, मेलमिलाप में रुचि, व्यवसाय में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की दिशा में किये जा रहे प्रयास सफल, संभावित यात्रा।

सिंह- कार्यों में असफलता, अपनी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, बातचीत के दौरान किसी से वाद-विवाद की आशंका, अकारण भ्रमण से अनावश्यक व्यय।

कन्या- कठिनाइयों के निवारण हेतु प्रयास सार्थक, स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य हितकर, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, यात्रा सुखद।

तुला- किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, परिवार में सुख शांति का समय, विवादास्पद मसला पक्ष में सुलझने की ओर, भोगविलासिता की ओर रुझान।

वृश्चिक-स्वास्थ्य सुधार पर विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, घरेलू सुख में उपस्थित दिक्कतें समाप्त, यात्रा में लाभ।

धनु- स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों के प्रति उदासीनता, विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, आपसी सम्बन्धों में कटुता, राजकीय पक्ष से कष्ट, वाद-विवाद।

मकर- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, कठिनाइयों का निराकरण, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्षोल्लास, सामाजिक क्रियाकलापों में वृद्धि, नवसम्पर्क का सुयोग।

कुम्भ- अधूरे या नवकार्य पूर्णता की ओर, कुछेक समस्याओं का समाधान पक्ष में, मांगलिक आयोजन सम्पादित, आरोग्य सुख, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मीन- व्यवसाय में विस्तार की दिशा में प्रयास, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, व्यक्तिगत समस्या संतोषजनक समाधान, भोगविलासिता की ओर रुझान, हर्ष भी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

**चांदपुर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन महिला प्रकोष्ठ ने शिक्षक दिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। यहां मानसी अग्रवाल के आवास पर पलक अग्रवाल की अध्यक्षता एवं पायल अग्रवाल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने वाली उर्वशी कर्णवाल, सीमा अग्रवाल, रीता शर्मा, मनिका गोयल एवं शोभा अग्रवाल को सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में सेवा दे रहे कार्यकारिणी सदस्यों का भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उर्वशी कर्णवाल ने शिक्षा एवं बचपन पर,



सोनिया अग्रवाल ने मां पर तथा रीतू गर्ग ने हास्य कविता प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। भूमिका जैन ने क्षमा पर्व पर कविता सुनाई। कार्यक्रम की अध्यक्ष पलक अग्रवाल ने शिक्षिकाओं के नि:स्वार्थ सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देना समाजसेवा का प्रेरणादायी कार्य है। कार्यक्रम में मानसी अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, ऋतु गर्ग, पायल गोयल, तान्या गोयल, प्रियंका अग्रवाल, डिंपल अग्रवाल,सीमा गोयल, कविता अग्रवाल, भूमिका जैन, सोनिया अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, दीपिका गर्ग, अनीता अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, काव्या गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, राखी गुप्ता आदि कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहीं।

# मुख्यमंत्री से मिले सांसद चंदन चौहान

## बोले- बाढ़ की समस्या का हो स्थायी समाधान

**बिजनौर (चिंगारी)।** गंगा नदी में आने वाली बाढ़ की समस्या को लेकर बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र सौंपा और बाढ़ नियंत्रण, तटबंध एवं सुरक्षात्मक कार्यों की परियोजनाओं को जल्द मंजूरी देने की मांग की है। सांसद ने पत्र में बताया कि जिला बिजनौर की तहसील चांदपुर के खादर क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांव हर साल गंगा में आने वाली बाढ़ से प्रभावित होते हैं। गंगा के पानी आने के कारण किसानों की फसलें बड़े पैमाने पर प्रभावित होती हैं और ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और साथ ही काफ़ी बीमारी का सामना करना पड़ता है। चंदन चौहान ने गंगा नदी के पूर्वी तट पर गंज से मुजफ्फर खादर तक करीब 24 किलोमीटर लंबे तटबंध के निर्माण की मांग की। पत्र में कहा गया है कि तटबंध बनने से बाढ़ और कटान की समस्या का स्थायी समाधान होने के साथ करीब 30 से 35 गांवों की आबादी और कृषि भूमि को हर साल होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। इसके अलावा सांसद ने मेरठ जनपद में गंगा नदी पर मवाना तहसील, हस्तिनापुर एवं बिजनौर क्षेत्र को जोड़ने के लिए भीमकुंड के निकट चेतावाला घाट पर सेतु, पहुंच मार्ग एवं आवश्यक सुरक्षात्मक कार्यों की परियोजना को भी जल्द स्वीकृति दिलाने की मांग की है।



# मिहिर भोज की जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनायें- बैंसला

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी/चिंगारी)।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला ने देशभर के नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं से गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर हर्षोल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया है। श्री बैंसला ने ग्रेटर नोएडा की स्वर्ण नगरी स्थित प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि गुर्जर सम्राट मिहिर भोज केवल किसी एक जाति के लिए नहीं लड़े, बल्कि तत्कालीन भारत देश की रक्षा, हिन्दू सभ्यता एवं संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष किया। यही कारण है कि उन्हें इतिहास में हिन्दू सम्राट के रूप में भी स्मरण किया जाता है, इसलिए उनका शौर्य एवं राष्ट्ररक्षा का योगदान किसी एक समाज तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला ने कहा कि समाज अपने इतिहास को जानकर, अपने महापुरुषों का सम्मान करें और आने वाली पीढ़ी को उनके त्याग एवं शौर्य से परिचित कराएं। उन्होंने इस दौरान महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सुखवीर आर्य को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संजय भैया को राष्ट्रीय सचिव के पद का नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी.एन.सिंह, राष्ट्रीय सचिव डॉ. मनोज कटारिया, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह नागर, प्रदेश महामंत्री अमरजीत चौधरी, चैनपाल सिंह प्रधान, प्रदेश सचिव सुशील अवाना, प्रदीप तौगड़, बबलू गुर्जर, क्षेत्रीय महामंत्री अरविन्द भाटी, जिलाध्यक्ष कैप्टन पंचशील गुर्जर, रतिराम नागर, डॉ. राकेश चपराणा, सचिन तौगड़ एवं करण चैंची सहित अन्य राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।



# सच कहना अगर गुनाह तो मैं बार-बार करने को तैयार हूं..

**दिल्ली में दो महिला पत्रकारों के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा की गई शर्मनाक घटना ने पूरे पत्रकारिता जगत को झकझोर के रख दिया है। पत्रकार महिलाओं का आखिर गुनाह सिर्फ इतना था कि वो सच सामने लाना चाहती थीं। उसी घटना को लेकर यह कविता लिखी गई है-**

सच को सच कहना अगर बगावत है,
तो हां, मैं बागी हूं।
क़लम की धार से अंधेरे को चीरना अगर जुर्म है,
तो हां, मैं मुजरिम हूं।
लेकिन तराजू जब मजहब देखकर तौलने लगे,
और नाम पढ़कर स्याही का रंग बदलने लगे,
तो समझो कि आईना ही बीमार है। मैं पूछता हूं इस तंग नज़र ज़माने से- क्या मेरी पहचान सिर्फ एक नाम है?
क्या मेरी वफ़ादारी का सबूत मेरा ईमान है?
जब सीमा पर जवान लहू बहाता है,
तब कोई उसकी आयतें नहीं गिनता।
जब किसान मिट्टी से सोना उगाता है,
तब कोई उसका सजदा नहीं देखता।
फिर मेरी लिखी हर एक सुरखी पर,
यह शक का पहरा क्यों है?
मेरे लहू के हर कतरे में,
हिंदुस्तान का रंग उतना ही गहरा क्यों है?
मैं पत्रकार हूं।
किसी फिरके का गुलाम नहीं।
मेरी हर रिपोर्ट में मुल्क की फ़िक्र है।
किसी का इंतकाम नहीं।
तुम तोड़ सकते हो यह क़लम
मिटा सकते हो मेरे लफ्ज़,
मगर याद रखना- ज़मीर
कभी किसी मज़हब के पिंजरे में कैद नहीं होता,
और सच का कोई गुनाह नहीं होता।
अगर सच कहना, लिखना गुनाह है
तो यह गुनाह मैं बार-बार करने को तैयार हूं।
तैयार हूं। हां तैयार हूं..

-डॉ. आफताब नोमानी
नजीबाबाद
मो. 9837345127



# लाची फाउंडेशन ने रक्तवीरों एवं स्वयंसेवकों को सम्मानित किया

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** लाची फाउंडेशन द्वारा दुर्गा मंदिर, ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रम में रक्त वीरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवा स्वयंसेवकों का सम्मान किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों, दूर दराज क्षेत्रों से रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लाची फाउंडेशन के फाउंडर रोहित बिजलवान एवं उनकी पूरी टीम द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रक्तवीरों एवं स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए कहा गया कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद को जीवन देने का संकल्प है। रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है और ऐसे समय में रक्तदाता किसी के लिए जीवनदाता बनकर सामने आता है। निस्वार्थ भाव से रक्तदान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का योगदान समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाएं और अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत एवं मानवीय कार्य से जोड़ने का संकल्प लें।



## शिक्षा के क्षेत्र में दिया उत्कृष्ट योगदान धीरज सिंह रावत का किया गया सम्मान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति की ओर से समिति कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व शिक्षक धीरज सिंह रावत को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर मां शारदा सम्मान वर्ष 2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए मुख्य अतिथि देव भूमि उत्कर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. चंद्रमोहन बड़थ्वाल ने कहा कि पूर्व समय में शिक्षक अपने विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने और विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शिक्षा देने के लिए निरंतर प्रतिस्पर्धा करते थे। उस दौर में शिक्षकों को बहुत कम वेतन मिलता था, फिर भी वे अपने शिष्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ उच्चकोटि की शिक्षा प्रदान करते थे। शिक्षक धीरज सिंह रावत ने उस युग में भी निरंतर अपनी सेवाएं दीं। मनमोहन काला ने कहा कि शिक्षक का सम्मान वास्तव में उस ज्ञान, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण की परंपरा का सम्मान है, जिसके बल पर समाज और राष्ट्र की नई पीढ़ियां अपने भविष्य का निर्माण करती हैं। मां शारदा सम्मान इसी गुरु–परंपरा के प्रति कृतज्ञता एवं समाज में शिक्षकों के सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने का एक प्रयास है। तत्पश्चात समिति के पदाधिकारियों द्वारा शिक्षक धीरज सिंह रावत को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर मां शारदा सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक निदेशक राम भरोसा कंडवाल, नीरजा गौड़, रेखा ध्यानी, प्रेमलता रावत, संतोषी रावत, जगत सिंह नेगी और दिनेश चौधरी सहित समिति से जुड़े अन्य लोग शामिल रहे।

## महर्षि दयानन्द के संदेश आज भी प्रासंगिक : नेगी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आर्य समाज व सहयोगी संस्थाओं की ओर से आयोजित किये जा रहे वेद प्रचार महोत्सव में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने वैदिक परंपरा, वेदों के ज्ञान तथा महर्षि दयानंद सरस्वती के समाज सुधार एवं राष्ट्र जागरण के विचारों को नमन करते हुए कहा कि वेद केवल धार्मिक ज्ञान का आधार नहीं, बल्कि सत्य, सदाचार, कर्तव्य और मानव कल्याण की प्रेरणा देने वाली ज्ञान परंपरा हैं। अपने संबोधन में उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती के उस विचार का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने समाज को अज्ञान, अंधविश्वास और पाखंड से मुक्त कर सत्य एवं वेद ज्ञान की ओर लौटने का आह्वान

### वेद प्रचार महोत्सव

किया था। कहा कि महर्षि दयानंद ने अपने समय में शिक्षा, सामाजिक जागृति और वैचारिक परिवर्तन के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का महान कार्य किया। उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति केवल भौतिक विकास में नहीं, बल्कि उसके नागरिकों के चरित्र, संस्कार और ज्ञान में निहित होती है। उन्होंने आर्य समाज कोटद्वार एवं सभी सहयोगी संस्थाओं को इस प्रकार के आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वेद प्रचार, संस्कार और समाज जागरण से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहने चाहिए। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी वैचारिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ–साथ समाज में सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।

## दो दिन से बारिश जारी, ग्रामीणों को परेशानी भारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पिछले दो दिनों से लगातार जारी बारिश ने जयहरीखाल ब्लाक के पहाड़ी गांव निवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बारिश के चलते जहां महिलाएं मवेशियों के लिए चारापत्ती लेने नहीं जा पा रही हैं, वहीं बिजली कटौती ने उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। जयहरीखाल ब्लाक के बडगांव, ढौंटियाल, राईसेरा व कमरबड्डी सहित कई गांवों के ग्रामीण अपने आजीविका के लिए अब भी खेती और पशुपालन पर निर्भर हैं। पालतू पशुओं के लिए चारा पत्ती लाना उनकी दिनचर्या में शामिल है। लेकिन पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने उनकी दिनचर्या पर रोक लगा दी है। भारी बारिश के चलते वे अपने पालतू पशुओं को गौशाला से बाहर भी नहीं निकाल पा रहे हैं और चारा पत्ती लेने भी नहीं जा पा रहे हैं। दूसरी ओर बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति में भी बाधा पहुंच रही है, जो उनकी परेशानियों को और बढ़ा रही है। ग्रामीण मनोरमा देवी, सीमा देवी, मनोहर सिंह व भीम सिंह आदि ने बताया कि बारिश के कारण उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और अब वे बारिश के बंद होने की कामना कर रहे हैं।

## स्कार्पियों की टक्कर से बेकरी शाप का गेट टूटा, एक पेड़ भी जड़ से उखड़ गया

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ग्राम खैरी खुर्द स्थित बेकरी शॉप कार्निवल सेलिब्रेशन की बाउंड्री वॉल का गेट देर रात एक स्कॉर्पियो की जोरदार टक्कर से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गेट के सामने लगा करीब आठ फीट ऊंचा पेड़ भी जड़ से उखड़ गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, रात करीब डेढ़ बजे पांच लोगों को लेकर ऋषिकेश की ओर जा रही स्कॉर्पियो संख्या पी -11 सीबाई 7375 के सामने अचानक हाईवे का गड्ढा आ गया गड्ढे के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बेकरी शॉप के गेट से जा टकरायी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाउंड्री वॉल का गेट पूरी तरह टूट गया और उसके आगे लगा पेड़ भी उखड़ गया गेट से सटा हुआ एक चाय का खोखा भी था। हादसे के वक्त खोखा बंद होने के कारण वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन से उतरकर घटनास्थल का जायजा लेने के बाद वहां से चला गया। हादसे में किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। बाद में चीता पुलिस को जानकारी मिली कि दुर्घटना में क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो गढ़ी पेट्रोल पंप पर खड़ी है। इसके बाद चीता पुलिस मौके पर पहुंची और स्कॉर्पियो चालक को अपने साथ ले गई। पुलिस द्वारा जानकारी मिली कि स्कॉर्पियो चालक और बेकरी मालिक में आपस में समझौता हो गया।



### हाईवे के गड्ढे बने दुर्घटना का कारण

हादसे के बाद हाईवे पर बने गड्ढों को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि हाईवे पर बने गड्ढे वाहन चालकों के लिए लगातार दुर्घटना का खतरा बने हुए हैं। तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक गड्ढा आने से वाहन अनियंत्रित होने की आशंका बनी रहती है।

## विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समय से हो समाधान



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना, विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था, भूमिगत की जा रही विद्युत लाइनों तथा बिजली से संबंधित विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। डॉ. अग्रवाल ने अधिकारियों से क्षेत्र में भूमिगत होने वाली विद्युत लाइनों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए कार्य की प्रगति निर्धारित समयसीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का कोई भी परिवार बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित न रहे। विद्युत कनेक्शन देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा पात्र लोगों को समय पर कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। विधायक ने विशेष रूप से गढ़ी क्षेत्र 52 बीघा में बिजली कनेक्शन से संबंधित आ रही परेशानियों का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को इनका शीघ्र निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को अनावश्यक रूप से विभागीय कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। डॉ. अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि सुरक्षित, सुचारु और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी ऋषिकेश गुरदीप सिंह, उपखंड अधिकारी शैली विहार रूपेश छेल, सहायक अभियंता अशोक कुमार सहित विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विद्युत अधिकारियों की बैठक लेकर प्रेमचंद ने दिये निर्देश

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# यूपी में जीत के लिए बिहार जैसी बिसात बिछा रहे तावड़े

## बीजेपी ने तैयार किया 2027 का ब्लूप्रिंट

**लखनऊ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में बीजेपी ने सत्ता की हैट्रिक लगाने का ताना-बाना बुनना शुरू कर दिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी प्रभारी विनोद तावड़े ने अपने दो दिवसीय लखनऊ दौरे के दौरान मिशन-2027 के लिए पार्टी के रणनीतिक खाके यानी ब्लूप्रिंट की नींव रखी। बिना किसी भारी तामझाम और सादगी के साथ लखनऊ पहुंचे तावड़े ने जीत की हैट्रिक लगाने के लिए संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने से लेकर नैरेटिव सेट करने तक कई अहम दिशा-निर्देश दिये। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों को परखा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ-साथ दोनों उपमुख्यमंत्रियों से मुलाकात और बातचीत भी की। इसके अलावा संगठन के लोगों के साथ मंथन कर सारा ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। विनोद तावड़े ने पार्टी पदाधिकारियों को विधानसभा चुनाव 2027 के लिए टारगेट दिया। उन्होंने कहा कि हमें हर बूथ को मजबूत करना होगा, कोई बूथ छूटना नहीं चाहिए और उसके लिए विशेष कार्ययोजना बनाएं। इसके साथ ही उन्होंने सभी जातियों को साधने का मंत्र भी दिया और कहा कि संख्या चाहे कम हो या ज्यादा,



लेकिन कोई जाति छूट न जाए, हमें सबको जोड़ना होगा। बिहार चुनावों में एनडीए के चुनावी प्रबंधन और तालमेल के सफल फार्मूले को यूपी की जमीन पर उतारने का काम तावड़े ने शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश के बीजेपी प्रभारी बनने के बाद पहली बार लखनऊ पहुंचे राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने 2027 का विधानसभा चुनाव मजबूत संगठन के बलबूते और पीएम मोदी व सीएम योगी के नाम और काम पर लड़ने के संकेत दिए।

## उत्तर कोरिया ने समुद्री इलाकों में सबसे शक्तिशाली रणनीतिक हथियार तैनात करने की घोषणा की

**सोल ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन ने कहा कि प्योंगयांग अपनी सैन्य ताकत को और बढ़ाने के साथ-साथ अहम समुद्री इलाकों में सबसे शक्तिशाली रणनीतिक हथियार तैनात करने की योजना बना रहा है। कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, श्री किम ने कहा, हम सबसे महत्वपूर्ण समुद्री इलाकों में अपनी सबसे ताकतवर रणनीतिक हथियार तैनात करेंगे और देश की समुद्री संप्रभुता, पूर्वोत्तर एशिया में सुरक्षा हालात और वैश्विक शांति की रक्षा के लिए एक सिद्धांत-आधारित एवं ज़िम्मेदार तैयारी का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने यह भी पुष्टि किया कि उत्तर कोरिया बहुत बड़ी सैन्य शक्ति तैयार करेगा, जिससे देश के दुश्मनों को डर लगता है। श्री किम ने रविवार को वॉनसन पोर्ट पर कांग गॉन (चो ह्योन क्लास का दूसरा विध्वंसक) के कमीशनिंग समारोह को संबोधित किया। इस जहाज़ को देश की समुद्री संप्रभुता की रक्षा करने और परमाणु युद्ध को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है। उत्तर कोरियाई नेता ने कहा कि शांति बनाए रखने के लिए शक्ति का संतुलन बनाए रखने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
URGENTLY REQUIRED
PGT ( ENGLISH )
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 9412201377
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर